नाटक साहित्य – हिंदी नाटक साहित्य में महिला नाटककारों की संख्या लगभग न के बराबर हैं। मृदुला गर्ग नाटक की दुनिया से जुड़ी है। अपने स्कूली दिनों में अनेक नाटकों में हिस्सा लिया तथा पुरस्कार भी जीते। मंच और अभिनय के माध्य से ही किताबों से अलग अपनी एक दुनिया बनाई। विवाह के बाद बच्चों की परवरिश करते-करते दुबारा अभिनय और नाट्य निर्देशन शुरू किया। कई नाटकों में काम किया। 1970, जादू का कालीन' – 1993, 'तीन कैदें' – 1996। 'एक और अजनबी' में स्त्री-पुरूष संबंधों का विश्लेषण किया गया है। जीवन में नाटक के बाहर होकर अपने मूल रूप में जीने की बात कही गयी है। 'जादू का कालीन' बाल मजदूरी पर लिखा बहुत भयावह यथार्थ से परिचित कराने वाला नाटक है। 'कितनी कैदे' यह नाटक 'कितनी कैदे' कहानी का नाटय रूपांतरण है। इसमें नारी जिन कैदों से घिरी हुई है उन कैदों से परिचित कराने का प्रयास किया गया है। 'दुलहिन एक पहाड़ की' यह नाटक परिवार में वहु की परिवर्तित छवि को प्रस्तुत करता है। 'दूसरा संस्करण' स्त्री-पुरूष संबंधों को परखने का प्रयास है। मृदुला गर्ग मूलत: कथाकार है, नाटक की दुनिया से वह परिचित है, इसके अलावा वह एक प्रवक्ता भी है। उन्होंने भारतीय समाज को बहुत नजदीक से देखा और परखा भी है। विभिन्न घटनाओ के प्रति वह अपनी राय भी रखती है। किसी एक विषय पर उनके द्वारा व्यक्त किये गये विचार उनके भिन्न-भिन्न लेखों में मिलते है। समय-समय पर लेखिका ने विभिन्न पत्रिकाओं में लेख लिखे हैं। उन्हीं लेखों का संग्रह 'चुकते नहीं सवाल' है। 'समागम' नामक कहानी संग्रह में उनके दो लेख संग्रहीत है। इसके अलावा 'रंग-ढ़ंग' एक निबंध संग्रह भी लिखा है। इस प्रकार मृदुला गर्ग के साहित्य में अपने जिवन के रंग-ढ़ंग की कई झाकियां मिलती हैं वही उनके द्वारा लिखा गया संपुर्ण साहित्य हिन्दी साहित्य की अमुल निधि हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. शीलप्रभा वर्मा- महिला उपन्यासकारों की रचनाओं बदलते सामाजिक संदर्भ पृ. 41
2. सारिका पत्रिका- 16 से 31 अक्टूबर 1984, साक्षात्कार दिनेश द्विवेदी से मृदूला गर्ग की बातचीत पृ. 46
3. मृदुला गर्ग – रंग ढ़ग पृ. 14-15
4. चर्चित महिला कथकारों की कहानिया सम्पादक दिनेश द्विवेदी, मृदूला गर्ग का आत्मकथ्य पृ. 35

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

पंचायती राज : विसंगतियाँ एवं निदान

डॉ. वर्चस्व सैनी*

* असिस्टेंट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) जे0 के0 पी0 पी0 जी0 कॉलेज, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – स्थानीय स्वशासन लोकतंत्र की आत्मा है। विकेन्द्रीकरण शासन को सर्वोत्तम शासन माना जाता है। ऐसे शासन में आम व्यक्ति अपने स्तर पर शासन में सहभागिता कर सकता है। भारत में स्थानीय स्वशासन के सबसे निचले स्तर पर पंचायती शासन व्यवस्था आती है। महात्मा गांधी पंचायती राज व्यवस्था के बड़े हिदायती रहे है उनका विचार था।

'पंचायती राज की स्थापना होने पर जनमत वह कार्य कर दिखाएगा जो हिंसा से नहीं हो सकता ये राजे, महाराजे, जमींदार और पूंजीपति उसी समय तक प्रभावशाली है जब तक कि जनसाधरण अपनी शक्ति से अपरिचित हैं जिस दिन लोग जमींदारी या पूंजीवाद की बुराइयों से असहयोग प्रारम्भ कर देंगे उसी दिन से उनकी समाप्ति की शुरुआत हो जायेगी।'

— महात्मा गाँधी

प्रजातांत्रिक व्यवस्था का संचालन केन्द्र में बैठे 20 व्यक्तियों से नहीं वरन् प्रत्येक गाँव में निवास कर रहे ग्रामीणजनों द्वारा होगा।

विसंगतियाँ: निदान – लोकतंत्र का वास्तविक सार यह है कि एक निरीह से निरीह व्यक्ति को भी सत्ता में भागीदारी का अवसर प्राप्त हो। लेनिन, लिकंन, गाँधी तथा विश्व की अन्य मानवतावादी विभूतियाँ इस शासकीय सत्ता की स्त्रोत है और वही इससे लाभान्वित होती है, इसलिए उसकी प्रभुसत्ता तथा सर्वोच्चता आधुनिक राजनीतिक प्रणालियों का अनिवार्य तत्व है। यही कारण है कि हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान की रचना हम भारत के लोगों के आधार पर की है।

भारत की हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता के इतिहास में ऐसी परम्पराऐं रही है जिस पर हमें सदा से गर्व रहा है। हमारे गाँवों में ऐसी संस्थाऐं पहले भी थी और अब भी है, जहाँ बुजुर्गों एवं समझदार व्यक्तियों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। लोग उनका आदर करते है और उन पर विश्वास करते हैं। वे सब मिलजुलकर महत्वपूर्ण मामलों को सुलझाते हैं। इन पंचों का निर्णय सभी को मान्य होते है। वर्षों के औपनिवेशिक शासन और अनुचित भूमि वितरण के ढाँचे के बावजूद पुराना पंचायती राज जीवित रहा। यह संभव इसलिए हुआ क्योंकि हमारी ग्रामीण जनता को अपने लोगों के स्वरूप चिन्तन और समस्याओं को सही निराकरण करने की क्षमता में पूर्ण आस्था थी। नि:संदेह समय के साथ-साथ इन पंचायतों में स्वार्थी तत्व घुस आए जिनका एक मात्र उद्देश्य अपना वर्चस्व स्थापित करना था। ऐसी स्थिति में समाज में बहुसंख्यक लोगों की भलाई के लिए किये जाने वाले कार्यों का क्षेत्र संकुचित होना स्वाभाविक था। पंचायती राज की स्थापना भारतीय लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण और पंचायती राज दोनों एक दुसरे के पर्यायवाची है। पंचायती राज व्यवस्था का तात्पर्य उस शासन से होता है, जिसका प्रबंध उस स्थान विशेष के निवासियों के द्वारा ही किया जाये। दूसरे शब्दों में स्थानीय या पंचायती राज व्यवस्था कहते है।

लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण अथवा पंचायती राज संस्थाओं की योजना तीन स्तरों में प्रस्तुत की गई है :

1. ग्राम स्तर
2. ब्लाक स्तर
3. जिला स्तर

वास्तव में इस त्रिकोणात्मक व्यवस्था द्वारा देश के ग्रामीण जीवन को एक चेतना सौंपने का भी प्रयास किया गया है, ताकि राष्ट्रीय जनतंत्र का आधार व्यापक और मजबूत बन सके। पंचायती राज का उद्देश्य प्रारम्भ से लेकर अंत तक विकास योजनाओं से संबंध करना और प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर जनता को सक्रिय रूप से भागीदार बनाना है।

पंचायती राज के पीछे जो विचारधारा निहित है वह यह है कि गाँवों के लोग अपने शासन का उत्तरदायित्व स्वयं संभालें यही एक महान आदर्श है जिसे प्राप्त किया जाना है। यह आवश्यक है कि गाँवों में रहने वाले लोग कृषि, सार्वजनिक स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, पशुपालन आदि से संबंधित विकास क्रियाओं में सक्रिय रूप से भाग ले। ग्रामीण लोग न केवल कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में भाग ही लें अपितु उन्हें यह अधिकार भी होना चाहिये कि वे अपनी आवश्यकता और अनिवार्यताओं के विषय में स्वयं निर्णय भी कर सके। लोगों में सामान्य प्रेरणा व उत्साह उत्पन्न करने का उपाय है सत्ता का विकेन्द्रीकरण करना।

भारत में पंचायती राज की आवश्यकता एवं महत्व – भारत में पंचायते बहुत पुराने समय से विद्यमान थी, मगर वर्तमान पंचायती संस्थाऐं इस मायने में नयी है कि उसको काफी अधिकार, साधन और जिम्मेदारी सौंपी गई है। नाम पुराना है मगर पंचायते नयी हैं। स्वतंत्र भारत में सन् 1959 से 1964 तक के इनके कार्यकाल को उत्थान का काल कहा जा सकता है। उसके बाद पंचायतों की ओर या उनके चुनावों की ओर लम्बे समय तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। सन् 1977 में अशोक मेहता समिति रिपोर्ट में इन संस्थाओं को नया रूप देने की सिफारिश भी की गई, किन्तु उन्हें क्रियान्वित नहीं किया जा सका। अत: 1983 के बाद पंचायती राज संस्थाओं का पुनरोदय प्रारम्भ होता है। संविधान के 73 वें संशोधन द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को सांविधानिक मान्यता प्रदान की गई है, और धीरे-धीरे सभी राज्य अपने-अपने राज्यों में पंचायती राज की स्थापना करने के इच्छुक दिखायी दे रहे हैं। पंचायती राज हमारे लोकतंत्र के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। जो निम्न तथ्यों से स्पष्ट है :

1. भारत में स्वास्थ प्रजातांत्रिक परम्पराओं को स्थापित करने के लिए

पंचायत व्यवस्था ठोस आधार प्रदान करती है। जिससे वे अपने ग्राम की समस्याओं से अवगत होते हैं, तथा उन्हें शीर्ष तक पहुँचाने में सहायता मिलती है। इसके माध्यम से शासन सत्ता जनता के हाथों में चली जाती है।

2. पंचायती राज व्यवस्था भारत का भावी नेतृत्व भी प्रदान करने में सहायक होती है। पंच व सरपंच ग्रामीण भारत की समस्याओं से अवगत होते हैं, इस प्रकार ग्रामों में उचित नेतृत्व का निर्माण करने एवं विकास कार्यों में जनता की रूचि बढ़ाने में पंचायतों का प्रभावी योगदान रहता है।
3. स्थानीय समस्याओं को हल करने में पंचायती संस्थाऐं राज्य और केन्द्रीय सरकार के भार को हल्का करती है। उनके द्वारा ही शासकीय शक्तियों एवं कार्यों का विकेन्द्रीकरण किया जा सकता है। प्रजातांत्रिक विकेन्द्रीयकरण की इस प्रक्रिया में शासकीय सत्ता गिनी-चुनी संस्थाऐं न रहकर गाँव की पंचायत के कार्यकर्ताओं के हाथों में पहुँच जाती है।
4. पंच, सरपंच एवं अन्य पदाधिकारी स्थानीय समाज और राजनीतिक व्यवस्था के बीच कड़ी है। इन स्थानीय पदाधिकारियों के बिना ऊपर से प्रारंभ किये हुए राष्ट्र निर्माण के क्रियाकलापों में चलन मुश्किल हो जाता है।
5. इन संस्थाओं के माध्यम से जनता शासन के करीब पहुँच जाती है। जनता और शासन में परस्पर एक दूसरे की कठिनाईयों को समझने की भावनाऐं पैदा होती हैं। इससे दोनों में परस्पर सहयोग बढ़ता है। जो ग्रामीण उत्थान के लिए परम आवश्यक हैं।

पंचायती राज की स्थापना के पीछे जो दो मूल उद्देश्य है वह है शासन जनता के हाथों में होना तथा ग्रामीण विकास को प्रोत्साहन देना है। आज भी भारत के अधिकांश गाँवों में जीवन की मूलभूत सुविधाओं का अभाव पाया जाता है, जैसे ग्रामीण स्वास्थ्य, ग्रामीण पेयजल व्यवस्था व ग्रामीण विद्युतीकरण आदि। ग्रामीण रोजगार की समस्या भी भारतीय ग्रामीण विकास में बाधक बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की नितान्त कमी है। कृषि क्षेत्र में भी कृषकों को वर्ष भर रोजगार प्राप्त नहीं हो पाता है। तथा कुटीर उद्योगों के समाप्त होने और वर्ष भर कृषि न होने से ग्रामीण रोजगार के तलाश में शहरों की ओर पलायन करते हैं, पलायन की इस गम्भीर समस्या से ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था डगमगा गयी है।

पंचायती राज लोकतंत्र का ही एक रूप है। जनता और सत्ता का आपसी समन्वय भी है। इसमें गाँव से दिल्ली तक के प्रशासन के सभी स्तरों पर जनता का अधिकार है। कर्त्तव्यों का भी बराबर बँटवारा है। वास्तव में पंचायती राज अथवा लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण हमारी प्राचीन पंचायतों का ही बढ़ा हुआ रूप है। पर आधुनिक युग के अनुरूप इसमें नये उद्देश्यों, नई शक्ति और नये तरीकों का समावेश कर दिया गया, 73 वें संविधान संशोधन के द्वारा ग्राम पंचायतों को अपने क्षेत्र के विकास के लिए अधिक अधिकार सौंपे गए हैं। लेकिन जिन उद्देश्यों को लेकर पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा तथा अधिकार प्रदान किया गया है। क्या वे उनको प्राप्त करने में सफल हों पाई हैं या जिस दृढ़ इच्छाशक्ति से स्वतंत्रता प्राप्ति के इतने वर्षो बाद इन संस्थाओं को पुन:जीवित करने का प्रयास किया गया है, क्या वह प्रयास फलीभूत हो पा रहा है।

जब हम इन प्रश्नों का उत्तर खोजने का प्रयास करते हैं तो पाते हैं कि पंचायती राज व्यवस्था के क्रियान्वयन में अनेकानेक कठिनाईयाँ आड़े आ रही हैं, जिसको दूर करना आवश्यक है। देखने में यह भी आ रहा है कि पंचायतें जो ग्राम विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, अपने आदर्शे रूप को ग्रहण नहीं कर पा रही है। इस प्रणाली में कई विसंगतियाँ उभर कर सामने आ रही है।

1. पंचायती राज की बागडोर संभाले हुए अधिकांश प्रतिनिधि अल्पशिक्षित या अशिक्षित हैं। साथी ही उन्हें पंचायती राज की रीति-नीति संबंधी पर्याप्त एवं समुचित प्रशिक्षण नहीं दिया गया, इसका दुष्परिणाम यह हो रहा है कि वे अपेक्षा के अनुरूप कार्य नहीं कर पा रहे हैं। अशिक्षा के साथ-साथ निर्धनता भी ग्रामीण लोगों को अपने सीमित दायरों से ऊपर नहीं उठने देती है, परिणामस्वरूप उनमें हमेशा आपसी वैमनस्य और विद्वेष भावना बनी रहती है।
2. पंचायती राज संस्थाओं को अधिकार वितरण प्रणाली भी अत्याधिक दोषपूर्ण है। वर्तमान प्रणाली में विकेन्द्रीकरण आवश्यकता से अधिक है। भारत जैसे बहुभाषी, बहुसंस्कृति, बहु राष्ट्रीयता वाले राष्ट्र में व्यवस्था के एकीकरण का मुख्य सूत्र केन्द्रीयकृत नीति निर्माण एवं नीति निर्देशन के विपरीत अत्याधिक विकेन्द्रीयकरण से विखंडन की स्थिति उत्पन्न ही करती है।
3. वित्तीय प्रणाली का त्रुटिपूर्ण होना भी एक समस्या है। पंचायतों को करारोपण के अधिकार दिए गए हैं। परन्तु कोई भी ग्राम पंचायत करारोपण करके अपने राजनैतिक अस्तित्व को खतरे में नही डाल सकती है और यदि करारोपण नही करती है तो वह वित्तीय रूप से अपंग हो जाती है। उसे हमेशा शासकीय अनुदानों पर ही निर्भर रहना पड़ता है।
4. पंचायती राज व्यवस्था की सफलता काफी हद तक इस बात पर भी निर्भर करती है कि शासकीय एवं अशासकीय निर्वाचित प्रतिनिधियों के मध्य किस प्रकार के संबंध विकसित होते हैं। प्राय: यह देखा गया है कि दोनों एक दूसरे को ठीक प्रकार से समझने की कोशिश भी नहीं करते। शासकीय कर्मचारियों जैसे विकासखंड अधिकारी इसमें ग्राम क्षेत्र के अशिक्षित निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम करने की क्षमता एवं योग्यता का अभाव पाया जाता है। साथ ही निर्वाचित प्रतिनिधियों में दलबंदी, गुटबंदी एंव शासकीय अधिकारियों के ऊपर प्रभुत्व जमाने की भावनाएँ पायी जाती है।
5. इन संस्थाओं में निर्णय हमेशा राजनीतिक आधारों पर लिए जाते हैं। राजनीतिक लाभ के लिए महत्वपूर्ण निर्णयों को टालने अथवा उन्हें राजनीतिक रूप से जोड़ना आदि की प्रवृत्ति भी पंचायती राज संस्थाओं के क्रियान्वयन में संदेह उत्पन्न करती हैं।
6. प्राय: यह भी देखा गया है कि जो लोग ग्राम पंचायत के लिए सरपंच पद का चुनाव लड़ते हैं, एवं सरपंच बनकर आते हैं वे केवल निर्वाचित होने के लिए चुनाव लड़ते हैं। ऐसे लोग ग्रामीण विकास की समस्याओं को भली प्रकार नहीं समझ सकते। अत: उनमें पंचायतों को सौंपे गये कार्यों के प्रति उदासीनता ही देखने को मिलती है।
7. आरक्षण के आधार पर जिन पंचायतों में महिलाऐं पदासीन हुई हैं, वे या तो निरक्षर है या किसी सम्पन्न परिवार की बहु, पत्नी या माँ है। इन अधिकांश महिला पंच सरपंचों को अपने दायित्वों का पालन करने का मौका ही नहीं मिलता बल्कि उनके पतियों द्वारा या अन्य पुरूष सदस्यों के माध्यम से दायित्वों को पूरा किया जाता है जो किसी भी लोकतंत्र के लिए उचित नहीं कही जा सकती है।

निदान – इन विसंगतियों के साथ–साथ अन्य कई प्रकार की खामियाँ भी हमें इन संस्थाओं में देखने को मिलती हैं। इन विसंगतियों को दूर करना भी आवश्यक है जिससे हमारा यह प्रयोग एक प्रयोग तक सीमित न रहे बल्कि हमारा लोकतंत्र दुनिया में एक प्रतीक बन सके।

1. सर्वप्रथम हमारे पंचायतों में चुने हुए प्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों को प्रभावी तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाये। पंचायती राज व्यवस्था को उचित प्रभावी तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण पंचायती राज व्यवस्था को उचित प्रभावी तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण पंचायती राज व्यवस्था के सफल तथा सुचारू संचालन की सर्वप्रमुख आवश्यकता है। क्योंकि सौंपे गए कार्यों का यथोचित निर्वहन किस प्रकार किया जाना है। इसकी जानकारी, कार्यप्रणाली आदि बातों का निर्वाचित प्रतिनिधियों को ठीक–ठीक ज्ञान होना जरूरी है। इनमें से कई प्रतिनिधि विशेषकर महिलाएँ तथा अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के कई सदस्य पहली बार पंचायतों में चुने जाते है, उन्हें प्रशिक्षण दिया जाना अनिवार्य है।
2. हमारे अधिकांश निर्वाचित जन प्रतिनिधि या तो कम पढ़े लिखे हैं या तो अशिक्षित हैं, ऐसी स्थिति में उनके साक्षरता तथा शिक्षा का भी प्रयास जरूरी है तथा उन्हें जो प्रशिक्षण दिया जाये वह व्यावहारिक हो अर्थात् बोलचाल की भाषा में हो, जिससे वे समझ सके।
3. वित्तीय समस्याओं को हल करने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्यों का उचित बँटबारा किया जाए। जितना उनके वित्तीय अधिकार अनुमति देते हैं, उतना वित्त उन्हें दिया जाये। पंचायतों को जो कर, फीस, उपकर आदि लगाने है, उनकी सूची काफी लम्बी है, लेकिन सूची में सभी कर, फीस, उपकर अनिवार्य नहीं है, करों के अनिवार्य न होने के कारण ही पंचायतें इन्हें नहीं लगाती, 73 वें संविधान संशोधन के बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं आया। अत: इन करों को लगाने में अनिवार्य किया जाये। जिससे पंचायतों की वित्तीय स्थिति सक्षम हो।
4. पंचायतों द्वारा ग्रामीण बंजर भूमि विकास, वृक्षारोपण, सम्पर्क मार्ग के निर्माण, प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था, प्रौढ़ साक्षरता कार्यक्रम ग्रामीण स्वच्छता आदि के कार्यक्रम सफलतापूर्वक चलाये जा सकते हैं इसके लिए उन्हें समुचित अधिकार व साधन दिये जायें।
5. लोगों की आम समस्याओं को हल करने के लिए पंचायतों को अधिकार और साधन दिए जाऐ। लोगों की अधिक से अधिक स्थानीय समस्याऐं पंचायत के दायरे में लायी जाए ताकि लोग अपनी तकलीफों को दूर करा सके तथा समस्याओं को हल कर सकें।
6. पंचायती राज की कार्यप्रणाली में बहुत से दोषों का उद्घाटन हुआ है। डॉ. भाम्मरी ने लिखा है कि पंचायत राज के फलस्वरूप गाँवों में दलबंदी तथा गुटबंदी पर आधारित राजनीतिक गतिविधियाँ बढ़ी हैं। पंचायत चुनावों के कारण ग्रामीण समाज के विभिन्न वर्गों में एक प्रकार का शीत युद्ध का वातावरण विकसित हो गया है।

यह सच है कि संविधान संशोधन के बाद से ग्राम पंचायतों को शक्ति सम्पन्न बनाया गया। ग्राम पंचायतों को यह अधिकार दिया गया कि वे अपने–अपने क्षेत्र में विकास की योजनाएँ बनाएँगी। आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। तथा महिला पंच अब स्वतंत्र होकर बैठकों में भागीदारी देने लगी हैं। मध्यप्रदेश, केरल, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और झारखंड सहित कई प्रदेशों में महिला पंचायतों ने विकास के नये आयाम दिए हैं। पंचायती व्यवस्था अपनी कमियों के बावजूद ग्रामीणों की दिनचर्या का हिस्सा बनती जा रही हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भाम्मरी चन्द्रप्रकाश, लोक प्रशासन जयप्रकाश नाथ एण्ड कंपनी 144 सुभाष बाजालेख।
2. फड़िया व जैन, भारतीय शासन व राजनीति साहित्य भवन आगरा।
3. शर्मा हरिशचन्द्र, भारत में स्थानीय प्रशासन, कॉलेज बुक डिपो।
4. कोठारी रजनी, भारत में राजनीति।
5. शर्मा एम.पी., लोकल सेल्फ गवर्नमेंट इन इण्डिया।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

प्रवासी महिला कथाकारों की कहानियों में नारी का स्वरूप

प्रीती राजपूत* डॉ. सुनीता**

* शोधार्थी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उ.प्र.) भारत
** एसोसिएट प्रोफेसर, दिगम्बर जैन कॉलेज, बड़ौत (बागपत) (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – प्रवासी हिन्दी साहित्य नये युग के विमर्श के साथ उसकी वाणी भी है, यह साहित्य की एक नव–भावधारा और नव अवधारणा है, वह अपनी विशिष्टता और नवीनता में नया साहित्य बोध है, यही नहीं हिन्दी का प्रवासी साहित्य वास्तविक अर्थ में हिन्दी साहित्य को अन्तर्राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करता है।

प्रवासी साहित्य में परिवार का स्वरूप स्थिर नहीं है, उसके बदलते हुए स्वरूप की वजय नारी स्वतंत्रता तथा विचारों में नवीनता भी है। वर्तमान में समाज की पूँजीवादी प्रकृति के कारण उपयोगिता के आधार पर मानवीय जीवन का मूल्यांकन होता है। प्रवासी लेखिकाओं ने पाश्चात्य संस्कृति में उपेक्षित भारतीय परिवारों एवं स्त्रियों से संबंधित समस्याओं का सार्थक अंकन किया है।

'दिव्या माथुर' की कहानी 'निशान' की नायिका परिवार के हाशिये पर है। वह एकांकी जीवन व्यतीत कर रही है तथा अपने पति बलवीर द्वारा प्रताड़ित होती है–

'**बलवीर से यह भी नहीं होता कि हफ्ते में केवल एक बार भारी सामान कार में रख लाने में ही रानी की मदद कर दे। ऊपर से रोज देर से आता है। रानी भूखी–प्यासी बैठी उसका इंतजार करती, बिल्कुल सत्या की तरह, जिसे मैंने मरते दम तक अपनी हड्डियाँ गलाते देखा था, पहले अपने पति के लिए और फिर बेटे के लिए।**'[1]सत्या बलवीर की माँ थी उसे जीवन भर अपनी गृहस्थी की चिन्ता करते हुए देखकर कथा नायिका अत्यन्त दुखी होती है। इसी तरह 'अनिल प्रभा कुमार' की कहानी 'उसका इंतजार' में विधु नाम की स्त्री अनजाने शहर में अपने आप को उपेक्षित अनुभव करती है। इन्हीं की कहानी 'ये औरतें, वे औरतें' में तीबा अपने पति के दुर्व्यवहार से बहुत दुखी होती है। वह उसको मारता–पीटता है व बात–बात पर उसे खरी खोटी सुनाता है –खन्ना साहब ने पत्नी को एक जोरदार थप्पड़ रसीद किया।'**तुम्हारी इतनी हिम्मत .....?** पत्नी उन पर वापस वार करने के लिए बढ़ी। '**तू सोचती है कि तू कमाती है तो मुझपर भी धौंस जमा लेगी।**'[2]खन्ना साहब ने नफरत से भरकर पत्नी को इतनी जोर से धक्का दिया कि वह जमीन पर औंधे मुँह गिर पड़ी। दर्द से चीख निकल गई। उसने गुस्से, हिकारत और बेबसी से ऐसे देखा, जैसे उनके मुँह पर थूक रही हो 'उषा प्रियंवदा' की कहानी 'कितना बड़ा झूठ' की स्त्री पात्र किरन विवाहेत्तर संबंधों के कारण अपने पति द्वारा उपेक्षित एवं प्रताड़ित होती है। अत: उषा जी की कहानियाँ नारी जीवन के तनाव एवं संबंन्धों के बदलते स्वरूप को प्रस्तुत करती है। 'इला प्रसाद' ने अपनी कहानी 'एक अधूरी प्रेमकथा' में तलाकशुदा माता–पिता की पुत्री निमी के प्रति समाज दोयम दर्जे का व्यवहार करता है। एक तरफ 'जमी बर्फ का कवच' कहानी में अनीषा का आधुनिक स्त्री के रूप में चित्रण हुआ है। वह एक भारतीय लड़की है जो जर्मन व्यक्ति से विवाह करती है। विवाह उपरान्त यूरोप की जीवन शैली उसे आसानी से गले नहीं उतरती। नकली मुस्कान बस चेहरे पर चिपकी मिलती है वहाँ रिश्ते की गर्माहट ढूँढ़ती रह जाती है मशीनों के साथ। वह स्वयं भी संवेदनाशून्य बनती जा रही है। उसी तरह उषा जी ने कहीं–कहीं स्त्री को बन्धन मुक्त जीवनयापन करते हुए दिखाया है। 'सम्बन्ध' कहानी की मुख्य पात्र श्यामला बन्धनमुक्त जीवनयापन में विश्वास करती है व शादी तथा परिवार का सहज रूप से विरोध करती है। कहानी का एक संवाद आता है–'**सर्जन ने कहा था– श्यामल, मैं तुम्हें प्यार करता हूँ। मैं घर–बार, बाल–बच्चे सब तुम्हारे लिए छोड़ सकता हूँ .....। श्यामल ने हथेली से उसके मुँह को बन्द करते हुए कहा– क्या हम ऐसे नहीं रह सकते प्रेमी, मित्र, बन्धु। क्या वह सब छोड़ना जरूरी है।**'[3]

अत: आधुनिक नारी केवल परिवार तक बंधकर ही रहना पसन्द नहीं करती। दूसरी तरफ सुनीता (स्त्री पात्र) आधुनिक होते हुए भी परम्परावादी है तथा गर्भपात न होने पर आत्महत्या कर लेती है केवल यह सोचते हुए यदि वह भारत बिना गर्भपात कराये गई तो लोग क्या सोचेंगे। एक तरफ पश्चिमी स्त्री मुक्ति आन्दोलन व दूसरी तरफ परम्परावादी नारी के दर्शन हुए हैं। 'प्रतिध्वनियाँ' ऐसी कहानी है जिसमें भी पश्चिमी स्त्री मुक्ति आन्दोलन का प्रभाव स्पष्ट देखा जा सकता है। स्त्री अपने पति व बेटी को भारत छोड़कर विदेश में अपने कार्य को वरीयता देती है और स्वतंत्र होकर जीवनयापन करती है जैसा कि पश्चिम में स्त्री आंदोलन के बाद वहां की स्त्रियाँ परिवार तोड़ो तथा बन्धन मुक्त करो इच्छाओं की पूर्ति के साथ–साथ स्वतंत्र जीवन की मांग करती है। 'मछलियां' कहानी की स्त्री पात्र भी एक धैर्यवान स्त्री के स्वरूप में पाठकों के समक्ष प्रस्तुत की गई है। वह परिवार के मना करने पर भी मनीश से शादी करने के उद्देश्य से विदेश चली जाती है लेकिन मनीश के शादी से मुकर जाने पर भी वह बहुत परेशान अवश्य होती है लेकिन स्वयं विदेश में रहकर ही जीवन व्यतीत करती है बजाय भारत आने के अत: वह परम्पराओं व भावनाओं में जकड़ी स्त्रियों की तरह अपने धैर्य को नहीं खोती। वह परिस्थितियों से लड़ती है, आँसू भी बहाती है लेकिन टूटती, बिखरती नहीं है। वहीं 'नींद' कहानी की नायिका को अपने पति से अलग होने का दर्द

व अकेलापन उसे बहुत खलता है। वह उससे बहुत डरती है। कहानी का एक संवाद है–'**मैं बहुत कम चीजों से डरती हूँ– न रोग से, न गरीबी से, न ठंड से, डरती हूँ तो बस एक अंधेरी रात के अकेलेपन से और उसके त्राण के लिए ही इधर–उधर भटकती हूँ।**'[4] 'ट्रिप' कहानी में भी सोनी केवल हालातों से समझौता करती हैं क्योंकि बच्चे तथा पति से दूर रहकर उसे केवल अकेलेपन की समस्या का शिकार होना पड़ा व पति के प्यार के अभाव में वह नशा करने की आदी हो जाती है। 'सुरंग' कहानी में एक ओर माँ का अपने कर्तव्यों से विरक्त होना दिखाया है तो दूसरी ओर बेटी अरूणा व बेबी के माध्यम से कर्तव्यनिष्ठ बेटी व बहन का चित्रण किया गया है। बेटे की मृत्यु के बाद माँ खुद को मारने की कई बार कोशिश करती है, बेटा मर कर भी जिंदा है तो बेटियाँ जिन्दा होकर भी मरी के समान हैं। बेटे की मृत्यु के बाद माँ जिन्दा लाश के तरह रहती है बिल्कुल कर्तव्यहीन। बेटियों को माँ होने पर भी अनाथों जैसा जीना पड़ा। कहानी का एक संवाद –'**बेटी के रोने की आवाज सुन माँ बोली–इस लड़की ने तो दुखी कर दिया है। क्या करें कोई।**'[5] 'स्वीकृति' कहानी के अन्तर्गत जपा (स्त्रीपात्र) को भी अकेलेपन के दंश को झेलना पड़ता है। नये विवाह के बाद उसके मन में सुन्दर संसार गढ़ने की इच्छा होती है लेकिन उसका पति (सत्य) उसे उसकी इच्छा के विरूद्ध मिशिगन में पन्द्रह सौ डॉलर नौकरी पर लगवा देता है क्योंकि सत्य की चाह थी एक बड़ा घर हो, मंहगा फर्नीचर आदि जो केवल अकेले के कमाने से संभव नहीं था इसलिए वह उसे अकेले छोड़ आता है। उषा प्रियंवदा जी ने 'कितना बड़ा झूठ' कहानी संगृह के अन्तर्गत कहानियों के माध्यम से एक तरफ तो स्त्री को आत्मनिर्भर व स्वतंत्र चित्रित किया है, भारतीय समाज में आधुनिक स्त्रियों के अस्तित्व की बात की है दूसरी ओर महिला जीवन की अनेक विडम्बनाओं, निराशाओं, विषमताओं, कटुता व एकांकीपन का सूक्ष्म अंकन किया है। अत: एक तरफ भारतीय पारम्परिक तथा रूढ़िवादी मान्यताओं में दबी असहाय स्त्री का चित्रण किया है वहीं पारम्परिक मूल्यों का विरोध कर आधुनिक मूल्यों को वरीयता देने वाली स्त्री को सामने लाके खड़ा किया है जो अपने सफर में संघर्ष करने से पीछे नहीं हट रही है। खुद की पहचान को स्थापित करने की लड़ाई स्त्री व्यक्तित्व को ऐसी ऊर्जा प्रदान कर रही है कि –'**वह निव्य नई ऊँचाइयों को छूती, विकास यात्रा में पूरे मनोयोग से जुड़ी है। उसका यह बदला व्यक्तित्व जरूर अचम्भित कर रहा है, किन्तु यह, सदियों से निरंतर होने वाली स्वाभाविक परिणीत है।**'[6] सुषम बेदी की कहानीयसलोनी' भारतीय लड़कियों का भोगा हुआ सच है। यरिश्तों का खोखलापन'जहाँ विवाह टूटने का सारा दोष समाज लड़की पर मढ़ देता है। एक शादी हो या दूसरी या फिर तीसरी अगर हर बार एक ऐसा साथी मिले जिसके साथ रहने की, जीवन गुजारने की वजह ही न रहे तो शादी से अलग हो जाना ही उपयुक्त है।

सामाजिक सुरक्षा का प्रतीक पुरुष को माना जता है। एक कवच जो अवांछित तत्वों से औरत की रक्षा करेगा। उसे अपने प्रेम और देखभाल से जीवन में खास अनुभव करवाएगा। वास्तविकता कुछ और ही होती है, पुरुष औरत का प्रयोग कर रहा है। लेना ही उसका ध्येय देने के नाम पर शून्य। सलोनी कहती है–'**पुरुषों से मुझे कभी कुछ मिला नहीं ..... मुझसे लिया ही गया है ..... मेरा जिस्म ..... मेरा प्यार ..... फिर घर उसके साथ बनाना लाजमी क्यों हो? अगर पुरुष से सुरक्षा ही चाहिए तो लूना शायद वह सब देने में ज्यादा समर्थ है और वफादार भी।**' एक ओर 'गुरूमाई' कहानी में 'राजी' जो एक खूबसूरत और योग्य लड़की है लेकिन विवाह के पश्चात जिसे नकारा समझा जाता है और उसकी अस्मिता को बार–बार चोट पहुँचाई जाती है। राजी इस शोषण और अन्याय से प्रतिशोध का एक शीतल, उपाय निकालती है और पुन: अपनी अस्मिता को पालती है–'**मैं सोच रही थी क्या यही उसका उसके पति से प्रतिरोध है? क्या ले पाई है वह सारे अनाचार से बदला? लोगों से घिरी यह गुरूमाई और कहाँ घर की चारदीवारी में अकेली सड़ती थी, अब पति भी भक्त हो गया है। पति का व्यापार भी राजी के कंधों पर। क्या यही है राजी का बदला?**'[7]' गुनहगार' कहानी में विधवा रत्ना जो साठ वर्ष की हो गई है और निपट अकेलेपन का शिकार है। बच्चे अपनी दुनिया में है और उसे उसमें शामिल करना नहीं चाहते। उम्र के इस दौर में उसे सहारा चाहिए अत: वह शादी का विज्ञापन निकलवाती है। अमेरिका में यह नया नहीं है बुरा भी नहीं है पर भारतीय संस्कार उसे ऐसा करने नहीं देते। अंतत: अपने प्रति प्रताप जो 36 वर्ष में चल बसे थे, उनकी स्मृतियों से, प्यार से बाहर नहीं आ पाती। खुद को गुनहगार मानने लगती है–'**देखो मेरा हाल देखते क्यों नहीं? किस्मत ने मुझे इस हद तक ला दिया ..... किसी को मेरी जरूरत नहीं रही। अपने इस हाल के लिए किसको दोष दूँ मैं, बता न, किसको ?**'[8] इसी प्राकर 'सुधा ओम ढींगरा' की कहानी 'क्षितिज से परे' में एक प्रताड़ित स्त्री का विद्रोह दर्शाया गया है। इनकी कहानी 'बेघर सच' में नारी के अस्तित्व की लड़ाई व पुरुषवादी समाज के वर्चस्व को रेखांकित करती हुई सदियों से चले आ रहे सनातन प्रश्न–'मेरा घर कौन सा है?' को और अधिक व्यापकता के साथ मुखरित किया है। कहानी की नायिका अपने पैत्रक घर के लिए जब परिवार के मुखिया से पूछती है क्या यह घर मेरा नहीं है? तो बेटी की संवेदनाओं की तमाम सम्भावनाओं को नकारते हुए उसे जवाब मिलता है–'नहीं , यह घर तेरे भाईयों का है। पति का घर तेरा होगा।' अत: पति के घर आने के पश्चात एक बहू से ये कहा जाता है तू पराये घर से आई है तथा उसकी क्या जगह होती है परिवार में यह 'संजीवनी' कहानी में बताया है जबकि उसकी नायिका पढ़ी–लिखी नौकरी करने वाली है परन्तु सास के समक्ष तो बेटा ही हीरो है और संघर्षरत, मेहनती पुत्रवधु सीमा बात–बात पर प्रताड़ित होती है। वह अपने घर की सीढ़ियों को देखकर सोचती है–'**ये सीढ़ियाँ उस समय बनाई होंगी जब केवल पुरुष ही बाहर जाया–आया करते होंगे, स्त्रियां घर से निकलती भी होंगी तो पालकी या अर्थी पर।**'

स्त्रियों पर अंकुश लगाता समाज आज भी ऐसी ही परंपराओं का अनुसरण करता है और करता रहेगा। निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि प्रवासी महिला कथाकारों ने अपनी कहानियों में एक ओर तो भारतीय समाज में आधुनिक स्त्रियों के अस्तित्व की बात की है अत: स्त्री को आत्मनिर्भर व स्वतंत्र चित्रित किया है तथा दूसरी ओर महिला जीवन की अनेक विडम्बनाओं, निराशाओं, विषमताओं, कटुता व एकांकीपन का सूक्ष्म अंकन किया है। अत: एक तरफ पारम्परिक व रूढ़िवादी मान्यताओं में दबी असहाय स्त्री का चित्रण किया है वहीं पारम्परिक मूल्यों का विरोध कर आधुनिक मूल्यों को वरीयता देने वाली स्त्री को सामने लाके खड़ा किया है जो अपने सफर में संघर्ष करने से पीछे नहीं हट रही।

सन्दर्भ गृन्थ सूची:–

1. पंगा तथा अन्य कहानियाँ, दिव्या माथुर, प्रकाशक – मेघा बुक्स एक्स – 11, नवीन शाहदरा दिल्ली, प्रष्ठ–82.
2. बहता पानी, अनिल प्रभा कुमार, भावना प्रकाशन–दिल्ली, प्र0–133.

3. कितना बड़ा झूठ (संबंध कहानी), उषा प्रियंवदा, राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, प्र0–13.
4. वही, नींद कहानी, उषा प्रियंवदा, प्र0–55.
5. वही, सुरंग कहानी, प्र0–63.
6. स्त्रीवादी साहित्य विमर्श, कवर पेज से, डॉ. मुद्रित चंद्रा।
7. सड़क की लय, (गुरूमाई कहानी) सुषम बेदी, प्रकाशक – ज्ञान विज्ञान एजूकेयर, प्र0–120.
8. वही, सुषम बेदी, गुनहगार कहानी।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

The Role of Social Media in Shaping Modern Cultural Norms in India

Mallu Ram Meena*

***Associate Professor (Sociology) SCRS Govt. College, Sawai Madhopur (Raj.) INDIA**

Abstract - Social media has significantly influenced modern cultural norms in India by acting as a platform for diverse voices and fostering rapid dissemination of ideas. It has democratized information, enabling widespread access to various cultural perspectives and traditions. Platforms like Facebook, Twitter, and Instagram allow for real-time dialogue and exchange, bridging urban-rural divides and connecting different societal segments. Social media has also been instrumental in shaping public opinion on social issues, from gender equality to environmental activism, driving societal change and policy reforms. Moreover, it has popularized global trends in fashion, music, and lifestyle, blending them with local customs to create a unique cultural fusion. However, the impact is double-edged, as the spread of misinformation and cyberbullying are notable concerns. Overall, social media's role in India is pivotal in both preserving cultural heritage and pushing the boundaries of contemporary cultural evolution.
Keywords:#MeTooIndia,Cyberbullying,Fake News,social interaction,Social media platforms.

Introduction - India, home to over 1.4 billion people, is a land of diverse cultures, languages, and traditions. Over the past two decades, the advent of the internet and the rapid proliferation of smartphones have revolutionized the way Indians communicate, access information, and perceive the world around them. As the world's second-largest internet market, with over 560 million internet users, India's digital landscape is both vast and varied. Social media's reach and influence extend to all corners of the country, affecting urban metropolises and rural villages alike. At the heart of this digital transformation is social media, a powerful tool that has seamlessly integrated into the daily lives of millions. Platforms such as Facebook, Twitter, Instagram, WhatsApp, and more recently, TikTok and its Indian counterparts like Moj and Josh, have become essential mediums for social interaction, information dissemination, and cultural expression.Social media platforms have not only transformed communication but have also become significant agents of cultural change. Cultural norms, defined as the shared expectations and rules that guide the behavior of people within social groups, are evolving rapidly under the influence of social media. In the context of India, a nation with a rich cultural heritage and a multitude of social customs, the impact of social media on modern cultural norms is profound and multifaceted.

Historical Context: The evolution of social media in India is a fascinating journey marked by rapid technological adoption and cultural integration. The story begins in the early 2000s, with the advent of platforms like Orkut, which became a pioneer in the Indian social networking scene. It was soon followed by Facebook, which launched in India in 2006 and quickly gained popularity due to its user-friendly interface and diverse functionalities. Twitter, which entered the Indian market in 2006, carved out a niche for itself as a platform for real-time news, celebrity interactions, and political discourse. WhatsApp, introduced in 2010, revolutionized messaging by offering a free and convenient alternative to SMS. Its group chat feature allowed for the creation of community networks, which became crucial for both personal and professional communication. Instagram, which launched in India in 2012, rapidly became the platform of choice for visual storytelling. Its emphasis on photos and videos resonated with the younger demographic, leading to the rise of influencers who leveraged the platform to build personal brands and engage with followers. TikTok's entry into the Indian market in 2016 marked another significant milestone. The platform's short-form, user-generated videos captivated millions, offering a stage for creative expression across diverse socio-economic backgrounds. Despite its ban in 2020 due to geopolitical tensions, TikTok's impact was profound, paving the way for Indian alternatives like Moj, Josh, and Chingari, which quickly filled the void.

The evolution of social media has fundamentally altered communication patterns in India. Traditional forms of communication, such as face-to-face interactions and print media, have been supplemented, and in some cases replaced, by digital interactions. Social media platforms

have facilitated instant communication, breaking down geographical barriers and enabling real-time engagement with a global audience.The 2014 and 2019 general elections in India saw extensive use of social media by political parties to reach and engage with voters, highlighting its crucial role in modern political communication.

Mechanisms of Influence: Social media's pervasive influence on cultural norms in India operates through various mechanisms, profoundly altering how individuals and communities perceive, interact with, and respond to societal changes.

A. Dissemination of Information: One of the primary mechanisms through which social media shapes cultural norms is the dissemination of information. In India, this has several significant implications.Platforms like Twitter, Facebook, and WhatsApp facilitate instant sharing of news, events, and personal updates. This immediacy allows for real-time engagement with current events, fostering a more informed and connected society. For instance, during the COVID-19 pandemic, social media played a crucial role in disseminating health information, guidelines, and updates, which helped in spreading awareness and influencing public behavior.Memes, challenges, and viral videos often dictate fashion trends, language usage, and social behaviors.

B. Creation of Online Communities: Platforms like Facebook and WhatsApp host numerous groups based on regional affiliations, languages, and specific interests. These groups enable users to connect with like-minded individuals, share experiences, and support each other. Hashtags on platforms like Twitter and Instagram help users aggregate content around specific themes or events, creating virtual communities that engage in discussions and activities centered around these themes. In India, hashtags like #MeTooIndia have mobilized large online communities, shaping public discourse and cultural attitudes towards issues such as gender equality and agricultural policies.Online communities provide crucial support networks for marginalized and underrepresented groups. LGBTQ+ communities, for example, find solidarity and advocacy on social media, which helps in normalizing and mainstreaming issues related to gender and sexual diversity.

C. Influencer Culture: Through the rapid dissemination of information, the creation of online communities, and the rise of influencer culture, social media platforms shape how individuals and communities perceive and interact with their cultural environment. By sharing their lifestyles, opinions, and endorsements, influencers shape their audience's cultural and consumer behaviors. Followers trust influencers more than traditional celebrities or advertisements, leading to a more profound impact on their attitudes and behaviors. This trust extends to social and political issues, where influencers can mobilize public opinion and action, as seen during social movements like #MeTooIndia.Social media's influence on cultural norms in India is multi-faceted and profound.

Case Studies: To illustrate the profound impact of social media on shaping modern cultural norms in India, we will examine three case studies: social movements and lifestyle and health trends.

A. Social Movements in India

MeTooIndia Movement: The MeToo movement, which began in the United States, found a strong resonance in India, leading to the #MeTooIndia campaign. Social media platforms, particularly Twitter, played a pivotal role in this movement. Women across India used the hashtag#MeTooIndia to share their experiences of sexual harassment and assault, challenging the culture of silence around these issues.The #MeTooIndia movement created a virtual support network, where survivors could share their stories and find solidarity. This collective experience helped to de-stigmatize discussions around sexual harassment and promoted a culture of empathy and support.

B. Lifestyle and Health Trends in India

Mental Health Awareness: Social media has played a crucial role in raising awareness about mental health issues in India, breaking down stigmas and encouraging open discussions.Campaigns like #MentalHealthMatters and #YouAreNotAlone have garnered significant attention on platforms like Twitter and Instagram. Influencers, celebrities, and mental health professionals use these platforms to share personal stories, provide information, and offer support.Social media has also facilitated access to mental health resources, such as online counseling services and support groups. This has been particularly important in a country where mental health issues have traditionally been stigmatized and under-addressed.

These case studies demonstrate the diverse and profound ways in which social media influences cultural norms in India.

Positive Impacts of Social Media on Cultural Norms in India: Social media has played a transformative role in shaping cultural norms in India, yielding several positive impacts.

A. Promoting Diversity and Inclusion: Social media has provided a platform for LGBTQ+ individuals and communities to share their experiences, advocate for their rights, and build supportive networks. Influencers like GauriSawant and Harish Iyer have used platforms like Twitter and Instagram to raise awareness about LGBTQ+ issues, thereby fostering greater acceptance and understanding. Social media has emerged as a vital tool for raising awareness and advocating for social issues, leading to increased civic engagement and social change.Social media campaigns like #MeTooIndia and #SaveAarey have mobilized public opinion and prompted action on critical social issues. These campaigns highlight injustices and mobilize support, influencing both public attitudes and policy decisions.

B. Fostering Global and National Connectivity: Social

media facilitates cross-cultural exchanges, allowing Indians to connect with global communities and learn about different cultures, ideas, and practices.Platforms like Facebook, Instagram, and LinkedIn enable Indians to join global networks, participate in international dialogues, and collaborate on various initiatives. For example, the popularity of global fitness trends like Zumba and Pilates, and culinary trends like veganism, have found their way into Indian urban culture through social media.Social media also plays a crucial role in fostering national unity by creating a sense of shared identity and purpose among Indians from diverse backgrounds.Hashtags like #IndependenceDay and #DiwaliCelebration bring together people from different parts of the country to share their celebrations and sentiments.

C. Enhancing Social Awareness: Influencers and experts on platforms like Instagram and YouTube share fitness routines, nutritional advice, and wellness tips, making health information accessible to a broad audience. Initiatives like #FitIndiaMovement promote physical fitness and healthy living.Social media campaigns and influencers have played a crucial role in destigmatizing mental health issues in India. Social media platforms have been used to campaign for gender equality, with movements like #HeForShe and #TimesUp gaining traction. These movements encourage both men and women to support gender equality and challenge patriarchal norms.

The positive impacts of social media on cultural norms in India are manifold. By promoting diversity and inclusion, fostering global and national connectivity, and enhancing social awareness, social media platforms have facilitated significant cultural shifts towards greater openness, inclusivity, and progressive attitudes.

Negative Impacts of Social Media on Cultural Norms in India: While social media has brought about numerous positive changes in Indian society, it also has negative impacts on cultural norms.

A. Spread of Misinformation

1. Fake News: Social media platforms have become breeding grounds for the spread of fake news and misinformation, posing a significant threat to the integrity of public discourse and societal stability.False information spreads rapidly on platforms like WhatsApp and Facebook, often going viral before it can be fact-checked. Misinformation about sensitive topics such as religion, politics, and public health can incite communal tensions, sow discord, and undermine trust in institutions.

B. Cyberbullying and Social Pressure

1. Online Harassment: Social media platforms provide anonymity and a wide audience, making them fertile grounds for cyberbullying and online harassment, particularly targeting vulnerable individuals.Individuals, especially women, LGBTQ+ individuals, and minorities, are often subjected to targeted harassment and abuse on social media. Trolling, hate speech, and threats can have profound psychological effects, leading to anxiety, depression, and even suicide.Cyberbullying and online harassment contribute to a toxic online environment, where individuals feel unsafe and anxious.

2. Social Pressure and Comparison: Social media platforms promote a culture of comparison and perfectionism, leading to unrealistic expectations and social pressure among users.Users often present curated versions of their lives on social media, showcasing only the highlights and achievements while concealing struggles and vulnerabilities. This “highlight reel” phenomenon creates unrealistic expectations and fosters feelings of inadequacy among users.

C. Mental Health Issues

1. Addiction and Dependency: Social media platforms are designed to be addictive, leading to excessive usage and dependency among users, which can have detrimental effects on mental health.Features like infinite scroll and autoplay encourage users to spend extended periods on social media, leading to compulsive behavior and loss of productivity. Excessive screen time can disrupt sleep patterns, increase stress levels, and exacerbate feelings of isolation and loneliness.

2. Comparison and Envy: Social media exacerbates feelings of comparison and envy, leading to negative psychological outcomes such as depression and low self-esteem.Constant exposure to curated images and lifestyles on social media fosters a culture of comparison, where individuals measure their worth against others based on likes, followers, and material possessions. This relentless comparison can lead to feelings of inadequacy and dissatisfaction with one’s own life.

The negative impacts of social media on cultural norms in India are significant and multifaceted.

Analysis of Current Trends

A. Rise of Short-Form Content: The rise of short-form content, particularly on platforms like TikTok (before its ban) and Instagram Reels, has revolutionized social media consumption habits in India.Short-form content has a significant impact on shaping cultural norms by influencing trends in fashion, music, comedy, and lifestyle. Viral challenges, dance routines, and comedic sketches often originate on platforms like TikTok and quickly gain traction, shaping the cultural zeitgeist and influencing societal behaviors.

B. Role of Algorithms: Algorithms play a crucial role in shaping users’ experiences on social media platforms, influencing the content they see and interact with.Social media algorithms use data analytics to personalize users’ feeds, showing content tailored to their interests, preferences, and past interactions.

C. Privacy Concerns: Social media platforms collect vast amounts of user data, including personal information, browsing history, and location data, to fuel their algorithms and targeted advertising. This data collection raises

concerns about user privacy, data security, and potential misuse of personal information.Governments and regulatory bodies are increasingly scrutinizing social media platforms' data practices and implementing regulations to protect user privacy. Initiatives such as the Personal Data Protection Bill aim to establish comprehensive data protection frameworks and hold platforms accountable for data breaches and privacy violations.

Future Directions: As social media continues to evolve and exert a significant influence on cultural norms in India, several key trends and developments are likely to shape its trajectory in the future.

A. Digital Literacy Initiative: Media literacy should be integrated into school curricula to teach students how to critically evaluate information, identify misinformation, and engage in constructive online discourse. Tech companies have a responsibility to invest in digital literacy initiatives and provide users with tools and resources to enhance their digital skills. Collaborative efforts between government, civil society, and tech companies can amplify the impact of digital literacy initiatives and promote a safer and more inclusive online environment.

B. Regulatory Measures: Strengthening data privacy regulations, such as the Personal Data Protection Bill, will be essential to protect users' personal information and safeguard their privacy rights. These regulations should establish clear guidelines for data collection, storage, and sharing, as well as mechanisms for user consent and data access.Governments should work with social media platforms to develop transparent and accountable content moderation policies that address issues such as hate speech, misinformation, and harmful content. There is a growing need to regulate the algorithms used by social media platforms to ensure transparency, accountability, and ethical use. The Ministry of Electronics and Information Technology has once again issued an advisory to social media firms to comply with the Information Technology (Intermediary Guidelines and Digital Media Ethics Code) Rules, 2021.

C. Technological Innovations:AI-driven solutions can help identify and mitigate the spread of harmful content, reduce online harassment, and enhance user safety.Augmented Reality (AR) and Virtual Reality (VR) technologies will revolutionize how users engage with social media by creating immersive and interactive experiences. From virtual events and conferences to augmented reality filters and games, these technologies will enable users to connect with each other in new and innovative ways, transcending geographical barriers and fostering deeper social connections.Blockchain technology holds promise for enhancing transparency, security, and trust in social media platforms.

D. Empowerment of User Communities: Empowering users to play a role in moderating content, resolving disputes, and setting community guidelines can promote a sense of ownership and accountability among users and foster a healthier online ecosystem.By incorporating user feedback into decision-making processes, platforms can create more inclusive, user-friendly, and responsive environments.Platforms should involve user communities in the development and enforcement of community standards and governance mechanisms. Social media platforms should support grassroots initiatives and community-led efforts to address social issues, promote civic engagement, and foster positive social change.

Conclusion : Social media has profoundly influenced modern cultural norms in India. Platforms like Facebook, Twitter, and Instagram have become crucial in shaping opinions, spreading information, and connecting people across diverse regions. They have empowered marginalized voices, promoted social movements, and facilitated cultural exchange. However, the rapid dissemination of information has also led to challenges such as misinformation, cyberbullying, and polarization. Despite these issues, social media remains a powerful tool in redefining cultural values, influencing fashion, entertainment, and political discourse, thereby playing a pivotal role in the ongoing evolution of Indian society's cultural landscape.By promoting a culture of responsibility, transparency, and inclusivity, India can leverage social media as a force for social progress and collective well-being.

References:-

1. Anand, R., & Narayan, P. (2021). Data Privacy in India: An Analysis of the Personal Data Protection Bill, 2019. Journal of Information, Law & Technology, 2021(1), 1-23.
2. Chaudhary, N. (2020). Social Media and Its Impact on Indian Society.International Journal of Engineering and Management Research, 10(4), 1-4.
3. Gupta, P. (2021). Impact of Social Media on Indian Society: A Review. International Journal of Innovative Research and Advanced Studies, 8(2), 8-13.
4. Mishra, S., & Singh, S. (2020). Role of Social Media in Indian Society: A Review. International Journal of Trend in Scientific Research and Development, 4(3), 1461-1464.
5. Narayan, S. (2021). Digital Literacy and Its Impact on Social Media Users: A Case Study of Indian Youth. Journal of Media Studies and Communication, 7(2), 45-57.
6. Singh, R., &Kaur, K. (2020). Social Media: A Boon or Bane for Indian Society. International Journal of Scientific Research in Computer Science, Engineering and Information Technology, 5(6), 53-57.
7. Swain, A., &Mohanty, S. (2020). Social Media and Its Impact on Indian Culture.International Journal of Humanities, Literature & Arts, 3(6), 40-47.
8. Taneja, S. (2021). Social Media and Its Impact on Indian Culture and Society.International Journal of Computer

Sciences and Engineering, 9(1), 46-50.
9. Yadav, S., &Yadav, N. (2020). Role of Social Media in Changing the Cultural Norms of India.International Journal of Advance Research, Ideas and Innovations in Technology, 6(1), 1590-1597.
10. Zaidi, Z. A., & Ahmad, N. (2021). Cyberbullying and Mental Health: A Review of the Literature. Journal of Research in Humanities and Social Sciences, 9(2), 45-55.
11. https://www.meity.gov.in/
12. https://pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1700749

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

Concept of Love in the Writings of Kamala Das

Dr. O.P. Tiwari*

आधुनिक मशीनीकृत टेक्नोलॉजी आधारित समाज में शिक्षक की भूमिका और भी अधिक बढ़ जाती है उसका रोल माता–पिता के लगभग समतुल्य ही हो गया है! माता–पिता बच्चों को जन्म देते है , उनका पालन पोषण करते है। अत: इनका स्थान कोई नहीं ले सकते। उनका कर्ज हम किसी भी रूप में नहीं उतार सकते। लेकिन एक शिक्षक ही है जिसे भारतीय संस्कृति में माता–पिता के बराबर दर्जा दिया जाता है, क्योंकि शिक्षक ही हमें समाज में रहने योग्य बनाता है। इसलिए शिक्षक को समाज का 'शिल्पकार' भी कहते हैं।

शिक्षक का संबंध केवल शिक्षा का अक्षर ज्ञान देने से ही नहीं होता बल्कि वह अपने विद्यार्थी को हर मोड पर सही राह दिखाता है और आगे बढ़ने के लिए उसका हाथ थामने के लिए हमेशा तैयार रहता है। बच्चों के मन में उमड़ने वाले हर सवाल का जवाब देता है और सही सुझाव देकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए सदा प्रेरित करता है।

आज जहाँ हर जगह सोशल मीडिया के आने से जानकारियों का जंगल पसरा है जहाँ सही–गलत का पता लगाना ही लगभग असंभव है! जानकारियों की बाढ़ में हमारा युवा बहा जा रहा है, उसकी भावनात्मक और मानसिक स्थिति बहुत ही असंतुलित होती चली जा रही है ! ऐसे में शिक्षक की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, कि वह अपने शिष्यों को विवेकशील बनाए! उन्हे सही और गलत में फर्क करना सिखाए !

हम सभी जानते हैं कि हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर राधाकृष्णन सर्वपल्ली के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है! डॉक्टर सर्वपल्ली शिक्षक की भूमिका को उल्लेखित करते हुए कहते हैं कि 'शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूँस दे! वास्तविक शिक्षक वह है जो छात्रों को आने वाले कल की चुनौती के लिए तैयार करें! शिक्षा का अंतिम उत्पाद एक स्वतंत्र सृजनशील मनुष्य होना चाहिए, जो ऐतिहासिक परिस्थितियों तथा प्राकृतिक प्रतिकूलता से जूझ सके !'

यह बात आज के संदर्भ में और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है जहाँ विद्यार्थियों पर सफल होने का चौतरफा दबाव है! इस प्रतिस्पर्धा पूर्ण समाज में सब को अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर और अधिकारी बनाना है! इस निरंतर दबाव को झेलते हुए मानसिक रोगों का शिकार हो जाते हैं और जब हमारे बच्चे असफलताओं को झेल नहीं पाते हैं तो आत्महत्या जैसे गंभीर कदम तक उठा लेते हैं! कोटा में छात्रों द्वारा निरंतर बढ़ती जा रही आत्महत्याएं इसका ताजा उदाहरण है! ऐसे में आज बहुत जरूरी है कि हम डॉक्टर राधाकृष्णन सर्वपल्ली द्वारा शिक्षक के लिए बतायी गई भूमिका को एक बार

फिर से शिक्षा जगत में पूरे मनोयोग से उतारने का प्रण करें! जहाँ शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ-साथ मनुष्य जीवन की बहुमूल्यता भी समझायें! जहाँ छात्रों को सफलता का उत्सव मनाना के साथ-साथ असफलता को कैसे संभालना है ये भी सिखाया जाए! प्रतिस्पर्धात्मक समाज में विद्यार्थी बढ़ते हुए मानसिक दबाव से कैसे डील करें यह भी बताया जाए! शिक्षक उन्हें समझाए, कि जीवन में सफलता का मात्र एक ही विकल्प नहीं होता!आधुनिक समाज ने अंतहीन विकल्पों की एक नई दुनिया भी सृजित की है! जहाँ विकल्पों की भरमार है! जरूरत है तो बस हमें आँखें खोलकर देखने की और कुछ विशेष जॉब के लिए सृजित की गई रंगीन आभासी दुनियाँ के मोहपाश से बाहर निकलने की !

तुलसीदास जी राम चरित मानस में राम जी के चरित्र का वर्णन करते हुए, उनकी नैतिकता, उनके आदर्श, मर्यादा, परोपकार, उचित न्याय, कर्तव्य और लोक कल्याण इत्यादि को समाज के समक्ष प्रस्तुत करते हैं और यह बताते हैं कि ऐसे कार्य पूर्ण करने के लिए गुरु की कृपा अति आवश्यक है! तुलसी कहते हैं-

'गुरु बिनु भव निधि तरइ न कोई।
जौं बिरंचि संकर सम होई।'

यहाँ तुलसीदास जी कहते हैं भले ही कोई शंकर और ब्रह्मा के सामान ही कोई क्यों न हो फिर भी गुरु के बिना जीवन रूपी भव सागर पार नहीं किया जा सकता। गुरु जीवन रूपी भव सागर को पार करने में सहायक होते हैं। गुरु पथ प्रदर्शित कर मनुष्य के जीवन और भविष्य को आकार देता है! वे अपने शिष्यों को कठिन परिस्थितियों से उबरना सिखाते हैं ! गुरु अपने शिष्य के मन के संशय को मिटाता है और उसके जीवन में व्याप्त द्वन्दों का समाधान करना सिखाता है।

चाणक्य के शब्दों में कहें तो 'शिक्षक कभी साधारण नहीं होता! प्रलय और निर्माण उसी की गोद में पलते हैं!' शिक्षक ही है जो समाज का शिल्पकार और मार्गदर्शक होता है! वही ऐसा पौधा तैयार करता है जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी संतुलित रखकर विवेकशील निर्णय लेना जनता है और किसी देश व समाज को विध्वंस की नकारात्मकता से बचाए रखते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाए रखता है !

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. श्यामसुंदरदास, कबीर ग्रंथावली, गुरुदेव के अंग।
2. श्यामसुंदरदास, कबीर ग्रंथावली, श्यामसुंदरदास, गुरुदेव के अंग।
3. डॉ. पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल, हिन्दी काव्य की निर्गुण धारा, पृ. 182
4. प्रेसीडेंट राधाकृष्णन, स्पीचेज एंड राइटिंग्स,पब्लि. डिवी. गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, 1960
5. राधाकृष्णन, सर्वपल्ली, हमारी संस्कृति, हिन्दी पॉकेट बुक्स, प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली,1999
6. तुलसीदास, रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड, पृष्ठ संख्या- 807
7. डॉ. वशिष्ठ आशीष, संपूर्ण चाणक्य नीति, के.के. पब्लिकेशन, भारत राम रोड, दरियागंज, नई दिल्ली।
8. महेशदत्त शर्मा,'क्लास रूम में चाणक्य' प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

Women's Empowerment, Food Intake, Health and Impact on Children's Well Being

Dr. Dharmendra Kumar* Ms. Sanju Yadav**

*Assistant Prof. (Economics) D.J. College, Baraut, Baghpat (U.P.) INDIA
** Research Scholar (Economics) D.J. College, Baraut, Baghpat (U.P.) INDIA

Introduction - Advancement in women's status and well being would have a positive spillover impact on children's well being. A comprehensive review on the linkages between women's empowerment and children's well being brought out clearly that there are four mechanisms for transmitting the effects of women's empowerment to children's well being. They include maternal education, economic empowerment, intra-household decision making power, and community level empowerment. Education for mother is positively associated with better education, health, and nutrition outcomes for the child. Women's economic empowerment, that is, greater access for women to financial resources, not only improves their status within the household, but also leads to more investment in their children. As a result of greater access to economic resources, women's empowerment may translate into better outcomes for children because empowered mothers are likely to advocate the interests of their children in intra-household bargaining and to be taken seriously by their male partners. Finally, greater individual and households level empowerment of women at the community level and a more active role for them in demanding or even providing better child related services. Women's agency (health, education and empowerment) and intra-household issues are important determinants of under nutrition. Two of the three differences to women: (1) Low birth weight is the single largest predictor of undernutrition; (2) Women tend to have lower status and less decision-making power. This limits women's ability to access the resources needed for their own and their children's health and nutrition, which in turn is associated with low birth weight, as well as poor child feeding behaviors in the first twelve months of life.

Children's malnutrition is determined by the caring capacity of mothers. Caring capacity and caring practices are overwhelmingly influenced by the status of women I the household and society. One important dimension of accessibility to food disparity in consumption. It is widely believed that in India, food distribution in the households is not based on 'need'. The breadwinner gets sufficient food the children get the next share, and women take the remains. In times of scarcity, the dietary intake of women and children are likely to be the most adversely affected. Among children, boys are given preference over girls (not everywhere) in distribution of food, NFHS data shows slightly higher malnutrition among girls as compared to boys. Generally there is not much difference. Amartya Sen and Sengupta studied the question of undernourishment in a few villages of West Bengal. Based on the weight-for-age indicator they found a bias in favor of boys over girls. Amartya Sen cautions about the interpretation of the causal process. The lower level of nourishment of girls may not relate directly to their food intake vis-à-vis boys, but from neglect of healthcare of girls compared to that boys.

Adequate nutrition during pregnancy and thee first six months of life are critical because of their impact on birth weight. Thus, the problems often start before, during, and after pregnancy as malnourished mothers are more likely to produce low birth weight babies. Poor nutritional status at birth is perpetuated by inadequate breastfeeding and supplementary feeding habits. Subsequently, children are not given sufficient quality food in the first two years-particularly by mothers with low education.

The regional experience in India highlight difference in heath provisioning, improvements in child care, and health status of women as factors that explain malnutrition difference across states.

The high performing states,

1. Rise in women's nutrition status,
2. Increase in the promoted of children under the age of three breastfed within one hour of birth,
3. Rise in the practices of children with diarrhea who received ORS.
4. Best practices in Tamil Nadu, Kerala and North Eastern States.

A multidisciplinary approach is required in order to improve nutrition and heath outcomes. For example, a package consisting of extended child and material immunization, antenatal care coverage, nutritional supplementation (including promotion of exclusive breast feeding), and home-based neo-natal services (including

treatment of pneumonia) is likely to being about significant reduction in both infant mortality and child malnutrition. There is also need for synergy across sector. Synergy between the processes directed at improving drinking water facilities, sanitation, and public hygiene, access to elementary education, nutrition, and poverty alleviation and the processes that improve access to public health and medical services are important for positive nutrition and heath outcome. Indirect determinants of better nutrition and health are growth in agriculture and rural non- farm sector. These are particularly important for raising incomes and diet diversification.

A part of providing better availability of food, agriculture growth and equity can increase access to food and nutrition. Some studies have shown that there is disconnect between agricultural growth and malnutrition. Here again the dissociation is due to low growth in States where malnutrition is high. For example, high agricultural growth in the eastern and central regions can reduce overall malnutrition to some extent. Involvement of women in raising home gardens, incorporating nutrition elements in crop production, etc. can reduce malnutrition.

Comprehensive social production programmers are required to address the problems of access to food and malnutrition . The social protection measures r basically non-contributory targeted transfer programmers to the poor and vulnerable groups. If we leave everything to market and growth. We cannot take care of risk and inequality. Certain redistributive policies can be good for growth. The presence of social protection measures 10 maintain and acceptable minimum floor for social cohesion and can private irreversible losses of women capital in hard times. The state has a role in teams of helping the poor in time of insecurity and in teams of en minimum leavings of provision to those unable to gain from the growth process. Government intervention are required to blend elements of both redistribution and insecure in this regard.

References:-

1. Mukherjee (2021), the deliberate policy of Churehill is located as an important cause for the great Bengal famine of the early 1940s.
2. Sharma and Kapoor, 2022, besides cotton, genetic engineering experiments are being conducted on maize, mustard, sugarcane, sorghum, pigeon-pea, chickpea, chickpea, rise, tomato, brinjal, potato, banana, papaya, cauliflower, oilseeds, soya bean and medicinal plants.
3. Southgate et al., 2020, these technologies may lead to patented seeds that keep the control of production in the grip of multinational companies.
4. Naukri Hub, 'Land Reforms in India and Their-Implications.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

महर्षि-रमण की आत्म-विचार सम्बन्धी-अवधारणा

डॉ. संगीता शर्मा *

*** प्रवक्ता (दर्शन शास्त्र) फतेह चन्द महिला महाविद्यालय, हिसार (हरियाणा) भारत**

प्रस्तावना – जब से सृष्टि की सरंचना हुई, तब से अब तक मानव अपने स्वरूप के खोज के प्रति उत्सुक बना ही हुआ है। वेदों से लेकर अब तक अनेकानेक आचार्य हुये उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए महर्षि रमण भी प्रारंभिक तत्ववेता के रूप में जाने जाते रहे हैं। महर्षि रमण के अनुसार आत्मान्वेषण क्या है? उसकी प्रक्रिया क्या है? इसके बारे में इस लेख में विस्तार से व्याख्या की गई है।

प्राचीन भारतीय दर्शन में ही नहीं वरन् पाश्चात्य दर्शन के सर्वप्रथम महान दार्शनिक सुकरात ने भी 'अपने को जानो' (Know thy self) को मानव जीवन का एक महत्वपूर्ण प्रश्न माना, जिसके समाधान के बिना परम सत्य को नहीं जाना जा सकता। आध्यात्मिक चिंतन की इसी परम्परा में समकालीन अध्यात्मवेत्ता रमण महर्षि ने अपने उपदेशों में भी सर्वाधिक बल आत्मानुसंधान को ही दिया। इसलिये प्रस्तुत लेख का विषय महर्षि रमण का आत्मानुसंधान चयन किया गया है। यद्यपि महर्षि रमण ने किसी ग्रंथ विशेष की रचना नहीं की किन्तु उनका सम्पूर्ण जीवन उनके आत्मानुसंधान का जीवन्त दृष्टांत माना जा सकता है।

उनके आत्मान्वेषण की यह विशेषता कही जा सकती है कि मात्र 16 वर्ष की अल्पायु में मृत्यु भय पर विजय प्राप्त करके उन्होनें इस सर्वोच्च शाश्वत सत्य को प्राप्त कर लिया था कि मनुष्य सत्त चित्त आनन्द स्वरूप आत्मा के साथ एकरूप है, किन्तु मन इसमें अवरोध उत्पन्न करता है और एक भिन्न व्यक्तित्व का भ्रम पैदा करता है अत: मन का संघर्ष समाप्त होने पर ही शुद्ध आत्म चौतन्य हृदय में जागृत हो सकता है।[1]

आत्मा शुद्ध चेतन स्वरूप है जिसका न जन्म होता है और न ही नाश। दूसरी ओर शरीर पूर्णत: जड़ है, जो 'मैं' नहीं कह सकता। इन दोनों के बीच में एक ग्रन्थि पैदा होती है जिसे चेतन जड़ की ग्रंथि कहा जा सकता है। यही अहंभाव या जीव-भाव कहलाती है। वास्तव में जीव-जगत और ईश्वर के द्वेत का कारण भी यही अहंभाव ही है। यदि जीव और जगत को आत्मा से भिन्न माना जाये तो ही ये अवास्तविक हैं अन्यथा सब कुछ आत्मा में ही है, आत्मा से भिन्न कुछ नहीं है। इस प्रकार महर्षि रमण के दर्शन में यत्र-तत्र सर्वत्र ब्रह्मात्मा ही परिलक्षित होता है।[2] रमण महर्षि स्पष्ट करते हैं कि 'मैं हूं' यह शुद्ध चेतना है, अस्तित्तव है जो सभी में वास्तविक है यह बाहरी ज्ञान न होकर स्वयं का चित्तज्ञान है। जब 'मैं हूँ' की यह चेतना स्वयं की सत्त चित्त प्रकृति को त्याग कर 'मैं यह हूँ' या 'वह हूँ', मैं शरीर हूँ या मन तथा इन्द्रिय हूँ आदि उपाधियां ग्रहण कर लेती हैं तो इस मिश्रित चेतना को ही अहम् वृत्ति या जीवभाव कहा जाता है।[3]

शुद्ध अहम् हमेशा रहता है किन्तु अहम् वृत्ति या अशुद्ध 'मैं' कभी रहता है और कभी नहीं रहता। इसके लिये महर्षि जागृत-स्वप्न और सुषुप्ति का उदाहरण देते हैं कि अशुद्ध में 'मैं शरीर हूँ' का भाव है, 'मैं शरीर हूँ' की भावना के कारण ही समस्त जगत दिखाई देता है और द्वितीय तथा तृतीय पुरूष अर्थात् 'तुम' या 'वह' भी दृष्टिगोचर होते हैं किन्तु गहरी निद्रा की अवस्था में जब शरीरभाव (अहंभाव) लुप्त हो जाता है तब जगत् और अन्य पुरूष भी नहीं रहते। निद्रा से स्वपनावस्था में जाने पर, अहंभाव के उत्पन्न होने पर ही सूक्ष्म शरीर के द्वारा स्वप्नादि दिखाई देता है। निद्रा से जाग्रत में आने पर सबसे पहला विचार 'मैं शरीर हूँ' का ही होता है। उसके पश्चात ही अन्य पुरूष एवं जगत का ज्ञान होता है। सुषुप्ति की अवस्था में यह अशुद्ध 'मैं' पूर्णत: लुप्त हो जाता है, किन्तु फिर भी सुषुप्ति में चौतन्य विद्यमान रहता है। इसीलिये गहरी निद्रा से जागकर प्रत्येक यही कहता है कि 'मैं आनन्दपूर्वक सोया' या मुझे कोई बोध नहीं था। इस प्रकार यह अहंभाव या अशुद्ध 'में' हमेशा मौजूद नहीं रहता। अत: यह आत्मा या 'शुद्ध मैं' से सर्वथा भिन्न है।[4] महर्षि के अनुसार जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति प्रत्येक मनुष्य के लिये प्रतिदिन का अनुभव है। अत: इन तीनों अवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण करके जागरूकता के सत्य के नजदीक आया जा सकता है। इस प्रकार यदि हम जाग्रत अवस्था की जागरूकता और गहन निद्रा की प्रसन्नता को जानने में सक्षम होते हैं, तो वही जाग्रत सुषुप्ति हमारा वास्तविक स्वरूप है।[5]

मन विचारों का समूह मात्र है। हजारों विचार हमारे मन में उत्पन्न होते हैं, उन हजारों में से हमें उनके मूल और प्रथम विचार की खोज करनी आवश्यक है। प्रथम पुरूष 'मैं शरीर हूं' का विचार सबसे पहले उत्पन्न होता है। यह 'मैं' विचार ही सभी विचारों का मूल है, इसके बाद ही द्वितीय पुरूष 'तुम' और तृतीय पुरूष 'वह' उत्पन्न होता है। यह प्रथम पुरूष 'मैं' का विचार ही मन है, जगत दूसरे और तीसरे पुरूष के अलावा और कुछ नहीं है। सुषुप्ति में प्रथम पुरूष 'मैं शरीर हूँ' का विचार रहता है तब संसार का अस्तित्व भी नहीं रहता इस प्रकार यदि 'मैं' नहीं तो कोई भी वस्तु अस्तित्व नहीं रखती।[6]

इस प्रकार महर्षि का यहाँ अभिप्राय यह है कि आत्मानुसंधान में प्रत्येक विचार के, सूक्ष्म निरीक्षण की आवश्यकता नहीं है, केवल 'मैं' के विचार की, जो सभी विचारों की जड़ है, का अनुसंधान करना ही आवश्यक है क्योंकि यदि सभी विचारों- द्वितीय तथा तृतीय पुरूष को भी निरीक्षित किया जाएगा तो विचार और अधिक बढ़ते ही जायेगें और कभी भी नष्ट नहीं होगें। अत: यहाँ महर्षि यह स्पष्ट करते हैं कि आत्म अन्वेषण के लिए 'मैं कौन हूँ' की प्रक्रिया के द्वारा प्रथम पुरूष 'मैं' की खोज की जाती है तो द्वितीय और

तृतीय पात्र स्वयं ही समाप्त हो जाते हैं। लगातार अभ्यास के द्वारा जब मन प्रथम पुरूष पर रहना सीख लेता है तब वह मन, मन होता ही नहीं, जैसे ही मन अन्तर्मुख होता है वह शुद्ध मन या आत्म ही हो जाता है।[7]

आत्म-अन्वेषण की प्रक्रिया महर्षि के अनुसार यही है कि जब भी कोई विचार उत्पन्न हो तो पहले यह प्रश्न करें कि यह विचार किसे उठे? तब उत्तर होगा मुझे। यह विचार किसके लिये है? मेरे लिये तब 'मैं कौन हूँ' इस प्रकार प्रश्न किया जाये तब इस प्रकार के अन्वेषण के दौरान हमारा सारा ध्यान 'मैं' पर केन्द्रित हो जायेगा। किसी भी विचार के उठने पर यही प्रक्रिया अपनाई जाये तो मन अपने स्त्रोत पर रहना सीख लेगा। अहं का स्वयं का कोई आकार नहीं होता जब तक इसे दूसरे तीसरे पात्र का अवलम्बन मिलता जाता है यह और भी मजबूत होता जाता है।किन्तु यदि प्रथम पुरूष के रूप में स्वयं को ही जानने का प्रयास करता है तब यह अपनी शक्ति खोने लगता है और अदृश्य हो जाता है। 'मैं कौन हूँ' की खोज द्वारा 'अहं' अस्तित्वहीन होकर लुप्त हो जाता है। मात्र शुद्ध 'मैं' या शुद्ध आत्म शेष रहता है।[8]

महर्षि के अनुसार जब कोई 'मैं कौन हूँ' यह निरंतर प्रश्न करते हुये स्वयं में झांक रहा होता है तो वह अपनी आंतरिक वास्तविकता नित्य 'मैं' के सीधे सम्पर्क में होता है। सभी विचार चिंतन के दौरान उत्पन्न होते हैं पर उनको ध्यान देने वाला न होने के कारण ये स्वयं लुप्त होते जाते हैं।[9] 'मैं कौन हूँ' इस प्रश्न का कोई उत्तर नहीं है, हो भी नहीं सकता क्योंकि यह अहं के विचार का नाश करता है, जो कि अन्य सभी विचारों का जनक है और उस शांति में प्रवेश करता है जहां कोई विचार नहीं होता।[10] आत्म अन्वेषण का उद्देश्य सम्पूर्ण मन को इसके स्त्रोत पर केन्द्रित करना है इसलिये यह एक अहं के द्वारा दूसरे अहं की खोज नहीं है बल्कि अहं या मन के मूल की खोज है। यह खोज मन का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण न होकर मन के पीछे स्थित उस आत्मा को जानना है जिसके लिये मन पर्दे का कार्य करता है।[11] 'मैं हूँ' यह लक्ष्य भी है और अंतिम सत्य भी। अत: प्रयास सहित इस पर टिकना ही विचार है। और जब यह स्वत: स्फूर्त तथा स्वाभाविक हो तो यही साक्षात्कार है।[12]

महर्षि आत्मान्वेषण के लिये अनिवार्य योग्यता मात्र तीव्र जिज्ञासा, उत्कण्ठा को ही मानते हैं, जिसमें नित्यानित्य वस्तु विवेक के द्वारा संसार के प्रति प्रारम्भिक वैराग्य उत्पन्न हो जाता है और साधक - अंतर्मुख होकर आत्मान्वेषण प्रारम्भ करता है। प्रारम्भ में अनिवार्य शर्त के रूप में वैराग्य का उदय व्यक्ति के अपने निजी अनुभव और चिन्तन के माध्यम से मात्र बुद्धि के स्तर पर ही होता है इस समय साधक के मन में विद्यमान सांसारिक इच्छाएँ, आकांक्षाएँ तथा अनेक प्रकार की नैसर्गिक प्रवृत्तियां ज्यों की त्यों बनी रहती हैं यही कारण है कि मात्र प्रारम्भिक वैराग्य और श्रुत-ज्ञान मात्र से परम सत्य की अनुभूति नहीं होती, इसके लिये एक साधारण साधक को गहन प्रयत्न करना होता है। प्रयत्न का उद्देश्य पूर्व संचित वासनाओं के भंडार में वृद्धि पर अंकुश लगाना होता है अर्थात संचित कर्म संस्कारों का उन्मूलन है और संचीयमान या क्रियमाण कर्म संस्कारों का अवरोध जो मोक्ष प्राप्ति के लिये आवश्यक माना गया है।[13]

रमण महर्षि जब अपने उपदेशों में 'में कौन हूँ' प्रश्न पर बल देते हैं तो यह कहा जा सकता है कि सूत्र रूप में उनका यही आशय होता है कि व्यक्ति सर्वप्रथम संसार में अपनी सत्ता की यथार्थता पर विचार करे, गहराई से इस सत्य का अनुभव करे कि क्या संसार के विषय उपलब्धियां उसे वास्तव में वह अनुभव प्रदान कर पायेगें ? जो प्रत्येक व्यक्ति आने अनजाने में सुख सन्तोष के रूप में ढूंढ रहा है। जब व्यक्ति इस प्रश्न पर विचार करेगा कि 'मैं कौन हूँ' तो निश्चय ही वह अंतर्मुख होकर संसार में अपने होने (Being) की स्थिति पर विचार करेगा ,जो अन्तत: उसे बुद्धि के स्तर पर ,इस अनुभव पर ले जायेगा कि संसार में, जिसे वह अब तक सारपूर्ण और मूल्यवान समझता आया है, यह वस्तुत: ऐसा नहीं है। इस प्रकार उसकी मनोभूमि साधना के योग्य बनेगी। उसका जगत के प्रति मूल्यात्मक दृष्टिकोण बदलेगा। तत्पश्चात् ही यह आत्मा-परमात्मा विषयक श्रुत ज्ञान -मूलक आस्था के अनुरूप साधना करने की स्थिति में आ पाएगा। अत: आत्मान्वेषण के प्रारम्भिक स्तर पर केवल वैराग्य और आत्मप्राप्ति की तीव्र उत्कंठा ही आवश्यक है। उन्नत स्तर पर अहं भावनाओं का पूर्ण विनाश होकर व्यक्ति का व्यक्तित्व पूर्णता में विलीन हो जाता है। महर्षि आत्म विचार के प्रारम्भिक स्तर पर योग, प्राणायाम आदि को आवश्यक मानते हैं किन्तु मात्र चित् शुद्धि के लिये ही।

वास्तव में यहां मेरे विचार में रमण महर्षि का आत्मानुसंधान का मार्ग 'मैं कौन हूँ' के रूप में उपर से सीधा सरल अवश्य दिखाई पड़ता है कि किन्तु दार्शनिक दृष्टि से इसका विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि इसमें कई बातें तर्कत: पूर्व मान्य है अर्थात एक तो यह उपदेश हर किसी के लिये नही है और न ही, हर कोई इस उपदेश के वास्तविक तात्पर्य के अनुसार अपेक्षित अनुसंधान में प्रवृत्त ही हो सकता है। इसका कारण यह है कि इसमें प्रवेश से पूर्व व्यक्ति में कुछ अनुभवों की सुदृढ़ स्थापना आवश्यक दिखाई देती है। व्यक्ति को इस बात की स्मृति रहे कि वह 'मनोदैहिक व्यक्तित्व' से भिन्न और भी कुछ है तथा मृत्यु के पश्चात् भी उसकी सत्ता विद्यमान् रहती है। ये भाव जीवन के प्रति व्यक्ति की मूल्यात्मक दृष्टि को स्वत: ही बदल देगें और उसके लिये सर्वोच्च मूल्य स्वयं के वास्तविक स्वरूप को जानना हो जायेगा ऐसा मनुष्य ही 'मैं कौन हूँ?' जैसे प्रश्न को गंभीरता से ले सकेगा।

इस प्रकार उपर्युक्त भावों की शर्त पूरी होने पर जो आत्म-अन्वेषण की वृत्ति उत्पन्न होती है, उसका प्रयोग उद्वेगात्मक विचारों के समय करना विशेष रूप से प्रभावशाली होता है। जैसे क्रोधावेश, हर्ष, विषाद्, आक्रोश का भाव उत्पन्न होने पर, यह क्रोध की अनुभूति किसे हो रही है? आक्रोश का अनुभव किसे हो रहा है ? आदि विचार की तलवार उस बंधन को काटने के समान है इसमें शक्ति एवं स्फूर्ति अर्थात् सजगता दोनो की आवश्यकता होती है।

इस प्रकार आत्मानुसंधान मन के विभिन्न भावों के प्रति सजग हृदय की स्थिति में रहना और सूक्ष्मतापूर्वक उनके मूल स्त्रोत का अवलोकन करना है, उनके कारणों पर विचार करना नहीं है, क्यों कि इन भावों की वैचारिक व्याख्या मनोविज्ञान में की जाती है।

रमण महर्षि के आत्मान्वेषण सम्बन्धी विचारों के विस्तृत विवेचन के बाद निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि रमण महर्षि का आत्मान्वेषण का मार्ग शुद्ध ज्ञान मार्ग है। उनके इस मार्ग की विशिष्टता यह मानी जा सकती है कि यह सम्प्रदाय निरपेक्ष है। दूसरे इसमें मात्र आत्मचिंतन-परक प्रयत्न द्वारा शनै: शनै: व्यक्ति चरम ज्ञान की ओर बढ़ता है, जिसका अवसान अन्तत: ब्रह्मात्मैक्य अनुभूति में होता है तथापि उसके पश्वात् भी व्यक्ति कर्मशील बना रहता है। इसमें सद्गुणों का अभ्यास नहीं करना पड़ता, अपितु आत्मानुसंधान की प्रक्रिया के फल स्वरूप सद्गुणों का व्यक्ति में स्वत: अविर्भाव होने लगता है।

चूंकि रमण महर्षि के ज्ञान मार्ग में कर्म का निषेध नहीं है, ज्ञान का

प्राधान्य है, कर्म काण्ड का सर्वथा अभाव है। वर्तमानकाल कर्म प्रधान है, विज्ञान के प्रचार प्रसारके फलस्वरूप आज का सुशिक्षित व्यक्ति न कर्मकाण्ड में रूचिशील है, न विविध प्रकार के योगाभ्यासों में। अत: वर्तमानकालीन सुशिक्षित व्यक्ति के सन्दर्भ में रमण महर्षि का आत्म विचार का मार्ग सर्वथा उपादेय दिखाई देता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. रमण महर्षि और आत्म ज्ञान का मार्ग, आर्थर आसर्वोन,
2. श्री भगवान रमण विरचित तमिल ग्रंथ के संस्कृत अनुवाद सद्दर्शनम् का हिन्दी भाषान्तर अनुवादक स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती,
3. Call Divine पृ. 156
4. देखें रमण महर्षि से बातचीत, संग्रहकर्ता श्री मुनगल एस बैंकटरमैया, पृ. 191
5. Consuous Immortality, Recorded by Paul Brinton, पृ. 103,104
6. श्री भगवान रमण विरचित तमिल ग्रंथ के संस्कृत अनुवाद सद्दर्शनम का हिन्दी भाषान्तर, अनुवादक स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती, पद 16
7. वही, पद-16
8. The Teaching of Bhagwan in his own words, Edited by Paul Branton पृ. 140,141
9. बा. ची., संग्रहकर्ता श्री मुनगल एस बैंकट रमैया, पृ. 172।
10. वहीं।
11. वही, पृ. 330, 31
12. वही।
13. आर्थर आसर्वोन, रमण महर्षि एवं आत्म ज्ञान का मार्ग पृ. 153

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

Importance of Sports and Yoga in Social Development

Dr. Shikha Yadav*

***Asst. Professor (Chemistry) R.S. Government Degree College, Shivrajpur, Kanpur (U.P.) INDIA**

Abstract: This paper explores the critical role of sports and yoga in the process of social development. As global societies become more interconnected, the need for holistic and inclusive approaches to well-being and social harmony becomes vital. Sports and yoga, often considered physical activities, also serve as powerful tools for building community, enhancing mental health, promoting equality, and nurturing discipline and cooperation. This paper examines their influence on youth development, community engagement, and social cohesion, especially in developing nations.

Introduction - Sports provides opportunities for children and youth to engage in valuable and positive relationship with adults, which is especially important when such benefits are not available at home. Sport provides an opportunity for children to safely navigate and negotiate between right and wrong as they learn to interact with peers and adults. A growing body of research literature binds that in addition to improved physical health, sports plays a positive role in youth development, including improved academic achievement, various techniques in yoga have been documented to help in stress management. They help in relieving the physical as well as the psychological negative effects of the problem by ensuring a healthy and productive response to the stress stimuli.

The importance of sport in education: In the ancient Greek world, sport plays a crucial role in the learning institutions throughout the world.The reasoning for this in ancient times, as now, is a belief that sport helps to make better people that it promotes excellence in individuals, excellence which can be and applied to practically any human activity.There are four kinds of human excellence that are explicitly related to sport and implicitly related to victory: self knowledge, discipline, courage, and justice. Conducting excessive attention on the analytical concept of winning poses a threat to the process of developing the virtues that provide athletics its educational attribute.

Stress management through yoga: There are several ways of coping with stress. Some time management techniques may also assist a person to manage stress. There are several yoga techniques which have been found to be helpful in stress management. The practice includes paying attention to each and every part and therefore ensures a holistic therapy. The start of the practice is with becoming aware of what the stressful stimuli is so that one knows what one is fighting. As a result people often practice medications like taking sedatives, narcotics and tranquilizers which calm the mind but in future it creates serious other maladies. But still there is a therapy which is purely natural and is considered to be that best weapon against stress and that is yoga.

Role of Sports in Social Development:

1. **Building Character and Discipline:** Sports instill values such as discipline, patience, teamwork, and leadership. These are essential traits for creating responsible citizens.
2. **Social Inclusion:** Sports provide a platform where all people of various backgrounds can converge. It helps reduce discrimination based on gender, caste, religion, or socioeconomic status.
3. **Health and Productivity:** Physically fit individuals tend to be more productive and socially active, contributing to economic development as well.Involving youth in sports can keep them away from crime, substance abuse, and antisocial behavior. It focuses their energy in the right way and encourages purpose.

Sports Management Through education: Sports is not merely to discuss performance, technique of records journalistically but to look at some of the implicit assumptions help by the general population about physical education and sports. Despite the importance of sports, it has been used more as an instrument of escape than an instrument of learning. A sport has been taken to be an escape to the hardships of day-to-day life.

Research has shown that physical movement can affect the brain's physiology by increasing cerebral capillary growth, blood flow, oxygenation, production of neurotrophins, growth of nerve cells. These changes may be associated with improved attention; improved information processing, storage, and retrieval enhanced coping; enhanced positive affect; and reduced sensations of

cravings and pain. In recent years, research has begun to explore the particular benefits of sport for girls and young women, who are increasingly playing more sport at all levels. Studies are beginning to tease apart the issues that contribute to girls electing to play, factors that keep them playing, and reasons for their dropping out.

Research into sports psychology has revealed that, taking part in sport and physical activity helps girls become more confident and acquire self-esteem. The experience of positive team sport can play the mediatory role with the risks of low social acceptance and body dissatisfaction. Determining the relationship between selfconcept and sport participation is complicated by the measurement models used across studies, but greater participation in sport has been found to be relational to greater emotional and behavioral wellbeing.

Role of Yoga in Social Development:

1. **Mental Health and Emotional Stability:** Yoga practices help reduce stress, anxiety, and depression. A mentally balanced person is more likely to contribute positively to society.
2. **Self-awareness and Inner Peace:** Yoga promotes inner peace, empathy, and self-control—key qualities that support peaceful coexistence and reduce social conflict.
3. **Community Well-being:** Group sessions and yoga camps establish social networks and make it easier to heal together with people.
4. **Enhancing Focus in Youth:** Yoga improves concentration and memory, which helps students perform better academically and socially.

Combined Impact: Sports and Yoga Together: Sports and yoga are complementary to each other, when they are integrated, then they can provide a venerable balance concerning both physical and mental health. Educational institutions and community centers that incorporate both have shown improvements in overall student behavior, reduced dropout rates, and enhanced emotional intelligence.

Conclusion: Sports and yoga are not just tools for fitness—they are catalysts for social development. They foster community spirit, reduce inequalities, and create a healthier, more unified society. Their importance in shaping the future generation cannot be underestimated, and their integration into social policy is essential for sustainable development.

References:-

1. Gruneau, Richard class, sports and social development the university of Massachusetts press ISBN 0-87023-387-4.
2. Moorthy, A.M and Jain, John, Effect of selected exercises and yogasana with diet regulations in managing blood cholesterol levels of obese female college students vyayamvidnyanavol 46 No.3, August 2013, pp. 34-35.
3. Roy S.S. and Roy, Ravindranath, Modern Living Kit: Health and Fitness, Authors Press, Delhi, 2001,p. 123.
4. American Journal of Health Promotion. Winter 1989, vol 3.
5. Yadav, S.K., Kumar, A., Kumar, V. and Kumar, A.(2015). Importance of yoga in daily life, DOI:10.13140/RG.2.1.4538.3842.
6. United Nations Sustainable Development Goals (SDGs).
7. Ministry of Youth Affairs and Sports, Government of India.
8. Research articles from journals like Social Science & Medicine and Journal of Health Psychology.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

समकालीन हिन्दी कविता और दलित विमर्श

डॉ. निर्मला राव*

* सहायक आचार्य (विद्या संबल), राजकीय महाविद्यालय, बड़गांव, उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – आज जिस वैज्ञानिक और तकनीकी युग में हम सांस ले रहे हैं उसमें न केवल मनुष्य के मूल्यों और विचारों में परिवर्तन आया है, अपितु कविता के सम्पूर्ण परिदृश्य ने भी एक नया रूप ले लिया है। हिन्दी कविता सतत् प्रवाहमान ऐसी ही सरिता है जिसे युगीन परिवेश की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं ने अपने-अपने तरीके से गति और आकृति प्रदान की। वैसे तो प्रत्येक युग की कविता अपने समय की पहचान है, जीवन्त दस्तावेज है। किन्तु समकालीन हिन्दी कविता अपने पूर्ववर्ती सभी कालों, युगों तथा आन्दोलनों से सर्वथा भिन्न है, क्योंकि अन्य युगों की कविताएं जीवन के कुछ विशिष्ट पक्षों को लेकर लिखी गयी है, जबकि समकालीन कविता जीवन की कुरुपता और सुरुपता को उसके वर्तमान रूप में स्वीकार करते हुए रची गयी है।

समकालीन कविता में बदलते हुए परिदृश्य को पूरी यथार्थता के साथ चित्रित किया है तथा जीवन और जगत से जुड़ी प्रत्येक स्थिति का अत्यन्त भावपूर्ण चित्रण करते हुए युगीन परिवेश को कविता के माध्यम से आम जन के सामने रखा है।

डॉ. विश्वम्भरनाथ उपाध्याय समकालीन कविता के परिदृश्य को स्पष्ट करते हुए लिखते है- 'समकालीन कविता में जो हो रहा है, उसका सीधा खुलासा है। इसे पढ़कर वर्तमान काल का बोध हो सकता है क्योंकि इसमें जीते, संघर्ष करते, लड़ते बोखलाते, तड़पते गरजते तथा ठोकर खाकर सोचते आदमी, वास्तविक आदमी का परिदृश्य है। आज की कविता में काल अपने गत्यात्मक रूप में है। ठहरे हुए क्षणांश के रूप में नहीं, यह काल क्षण नहीं, प्रवाह की घातक और विस्फोटक कविता है।'[1] वस्तुत: समकालीन कविता युगीन यथार्थ व वास्तविकता को अभिव्यक्ति प्रदान करती है।

समकालीन कविता नई कविता आन्दोलन, साठोत्तरी हिन्दी कविता के समानान्तर आए विभिन्न काव्यान्दोलनों के अवसान के पश्चात् हिन्दी कविता के क्षेत्र में एक दैदीप्यमान सूर्य के रूप में उदित हुई है। समकालीन हिन्दी कविता का उद्देश्य आज के दौर की विसंगतियों को उभारना है। साथ ही युगीन यथार्थ की अभिव्यक्ति के रूप में देश में फैली अराजकता, भ्रष्टाचार, अत्याचार, मूल्यहीन राजनीति, बेरोजगारी, गरीबी, समाज में युवा पीढ़ी में बढ़ता जा रहा तनाव, साथ ही आज के दौर की भयावह आतंकवादी घटनाएं आदि समस्याओं का खुलकर ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए आम जन, समाज यहां तक कि सम्पूर्ण देश के सामने समसामयिक परिवेश को पूरी शिद्दत के साथ प्रस्तुत किया है।

अतएव समकालीन कविता अपने समय की पहचान है। यह तथाकथित आदर्शों एवं कल्पना लोक के चक्कर नहीं काटती अपितु आज के बदलते हुए परिवेश, मूल्यों एवं संघर्ष करते हुए आदमी की सच्ची तस्वीर को प्रस्तुत करती है। डॉ. शुकदेव सिंह समकालीन कविता की पहचान बताते हुए कहते हैं कि 'समकालीन कविता की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह आक्रामक है। आज के लेखन ने कविता को क्रान्ति के लिए बेहतर हथियार के रूप में चुना है।'[2] डॉ. रमेशचन्द्र शर्मा ने भी सप्तमदशकोत्तरी कविता को ही समकालीन कविता नाम दिया है।

समकालीन कविता का कैनवास काफी विस्तृत है। समकालीन कवि का सरोकार हर उस आदमी से हैं जो समाज के हाशिए से विलग है।स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् साहित्य के क्षेत्र में विभिन्न विमर्श आन्दोलनों के रूप में उभरने लगे। सदियों से समाज में स्त्री, दलित, आदिवासी आदि के प्रति होने वाले उत्पीड़न को हम सुनते व देखते आ रहे हैं। समाज के इस वर्ग को सदियों से सामाजिक, धार्मिक, मानसिक एवं आर्थिक आधार पर शोषित और प्रताड़ित किया जा रहा है। किन्तु डॉ. भीमराव अम्बेडकर के प्रयासों से समाज का यह दलित वर्ग अपने अधिकारों के लिए पढ़ लिख कर जागृत हुआ और इस वर्ग में एक चेतना आई। इसी चेतना के फलस्वरूप उनमें अपने समाज की दीन दशा को देखकर, समाज को एक नयी दिशा व दृष्टि प्रदान करने की संकल्पना विकसित हुई और परिणामस्वरूप दलित साहित्य का जन्म हुआ।

समकालीन कविता में 60 के दशक में मराठी साहित्य और दलित मराठी कविता के साथ ही व डॉ. भीमराव अम्बेडकर व ज्योतिबा फूले से प्रेरणा प्राप्त कर दलित कविता अवतरित हुई और यह दलित कविता आज समकालीन कविता में प्रतिष्ठित हो चुकी है।

आज हम समकालीन कविता में देखते हैं कि दलित-विमर्श कविताओं के माध्यम से एक नये रूप, नये तेवर लिए दिखाई देता है। इन कविताओं के माध्यम से आक्रोश का ज्वालामुखी फूट रहा है। दलितों पर होने वाले अन्याय व अत्याचार आज के दलित कवि अपनी कविता के माध्यम से समाज के सामने रखने का प्रयास कर रहा है। इन दलित कवियों ने अपनी कविताओं में परम्परागत रूप से चली आ रही वर्ण-व्यवस्था, जाति-व्यवस्था, हिन्दुओं के धार्मिक कर्मकाण्ड, दलितों और सवों के बीच की असमानता को समाज के सम्मुख उजागर किया है और दलितों के प्रति होने वाले दुर्व्यवहार को देखकर दलित कवि का आक्रोश भी फूटता है।

समकालीन कविता में दलित-विमर्श उत्तेजनापूर्ण तेवर के साथ चित्रित हुआ है। ओमप्रकाश वाल्मीकि सदियों से यातना भोगते दलित वर्ग को

देखकर तिलमिला उठते हैं। वे अपने काव्य संकलन 'बस्स! बहुत हो चुका में अपनी इसी तिलमिलाहट को व्यक्त किए हुए लिखते हैं–

'जब भी देखता हूं मैं
झाड़ू या गंदगी से भरी बाल्टी कनस्तर
किसी हाथ में मेरी रगों में
दहकने लगते हैं
यातनाओं के कई हजार वर्ष एक साथ
आँखों में उतर आता है
इतिहास का स्याहपन
अपनी आत्मघाती कुटिलताओं के साथ।'[3]

और कवि अपना आक्रोश प्रकट करता हुआ कहता है–

'बस्स !
बहुत हो चुका
चुप रहना
निरर्थक पड़े पत्थर
अब काम आएंगे सन्तप्तजनों के।'[4]

मलखान सिंह हिन्दी दलित कविता के प्रसिद्ध कवि है। उनकी कविताएं वास्तविक अनुभूति का जीवन्त पस्तावेज है। उनके काव्य संग्रह सुनो ब्राहाण२ की निम्नलिखित पंक्तिया इसी वास्तविकता को व्यक्त करती है। वे लिखते हैं–

'बलवती होती है जो देह की गंध से।
सुनो ब्राहाण
हमारे पसीने से
बू आती है तुम्हें
फिर ऐसा करो
एक दिन अपनी जनानी को
हमारी जनानी के साथ
मैला कमाने भेजो
तुम मेरे साथ आओ
चमड़ा पकाएंगे
मिल बैठकर
मेरे बेटे के साथ
तभी जान पाओगे तुम जीवन की गंध को
बलवती होती है जो देह की गंध से।'[5]

मलखान सिंह समाज के सवर्ण वर्ग को व्यंग्य रूप में उसी यथार्थ को भोगने की बात कहते हैं जिसे समाज का दलित वर्ग वर्षो से भोग रहा है।

समकालीन दलित कवियों में जयप्रकाश कर्दम एक जाना पहचाना नाम है, उन्होंने स्वयं दलित जीवन को जीया है। वे दलित जीवन की नारकीयता से मुक्ति पाने के लिए वर्ण–व्यवस्था का विरोध करते हुए अपने कविता संग्रह 'गूंगा नहीं था मैं' के माध्यम से न्याय की मांग करते हैं। दलितों के लिए सामाजिक न्याय की मांग करते हुए २दमन की दहलीज पर कविता में लिखते हैं–

'तमाम विरोधों और दबावों के बावजूद
जाति के जंगल का यह जीव
अपनी मुक्ति के लिए अड़ा है
अपनी अस्मिता और अस्तित्व के लिए लड़ा है
और आज
तमाम हौसलों के साथ
हाथों में खंजर लिए वह
दमन की दहलीज पर खड़ा है
ललकार रहा है चीखकर।'[6]

इस प्रकार कवि दलितों को इस नारकीय जीवन से मुक्ति दिलाने के लिए उनमें नयी चेतना का संचार करता है। पीढ़ियों से दलित अपमान, शोषण,अत्याचार, जुल्म आदि को सह कर भी समाज की इस हिंसा आधारित वर्ण व्यवस्था से बदला लेने के लिए कभी भी हिंसा का सहारा नहीं लेता। क्योंकि दलित की अन्तरात्मा उसे ऐसा करने से रोकती है। इसीलिए दलित अपनी मुक्ति के लिए कलम का सहारा लेते हुए आवाज उठाता है। जयप्रकाश कर्दम कलम को तीर बनाकर दलित विरोधी व्यवस्था पर चलाते हुए लिखते हैं–

'यही रहा मेरे
दमन और शोषण का हाल, तो
आज नहीं तो कल
हरकत में जरूर आयेंगे
मेरे हाथ।'[7]

इसी संदर्भ में समकालीन दलित लेखिकाओं में रमणिका गुप्ता भी अपना विशिष्ट स्थान रखती है। उनके काव्य संग्रह 'अब मूरख नहीं बनेंगे हम' की समस्त कविताएं दलित कविताएं है। इसी संग्रह की एक कविता 'गधे का स्वर' में वे सवर्ण की व्यवस्था का शिकार हुए जन की पीड़ा को उकेरती है। वे लिखती हैं–

'मैंने भाग्य का फल नहीं
तुम्हारी साजिश का फल
भोगा है
तुम्हारी व्यवस्था का जुआ पहन
जोता है हल
जिसे मेरे हाथों के हाथी ने ही
दिया है बल
मेरे पांव के घोडे ने
दी है रफ्तार
दी है गति
गधे के सिर ने
दी मेहनत
बिना सोचे बिना समझे
लादा तुम्हारा बोझा
अपने कन्धे
अपनी ही गुलामी को माना–
अपना भाग्य!'[8]

यहां रमणिका गुप्ता ने इस बात को स्पष्ट किया है कि दलित स्वयं अपने को समाज के सवर्णो का गुलाम मानता है और गुलामी को अपना भाग्य समझता है। कवयित्री ने इन पंक्तियों के माध्यम से दलित वर्ग को जगाते हुए कहा है कि उठो तुम्हें अपने भाग्य को स्वयं बदलना है। वह इस वर्ग को सूरज बनने के लिए कहती है। अपनी कविता सूरज बनों सूरज में वे दलित वर्ग को जगाते हुए लिखती हैं–

'सूरज
अंधेरों के खिलाफ
सुबह से सांझ तक
लड़ता है अकेले ही
पूर्व से पश्चिम तक का सफर
तय करता है अकेले ही
जूझता है रात भर–
सुबह के इन्तजार में
रोशनी का संकल्प लेकर !
अंधेरे भाग जाते हैं।
बस सूरज बनो! सूरज![9]

इस कविता के माध्यम से कवयित्री ने इस वर्ग को सूरज बन कर अपनी लड़ाई स्वयं लड़ने के लिए संदेश दिया है। वे कहती हैं कि समाज में अपनी पहचान तुम्हें स्वयं बनानी पड़ेगी। तुम्हें भी सूरज की भांति अंधेरे से लड़कर उजाले में प्रवेश पाना है।

समकालीन दलित कविता में डी एन सिंह की कविताएं भी आक्रोश व विद्रोह लिए हुए हैं। वे दलित समाज में चेतना भरते हैं और सामाजिक न्याय की मांग करते है। अपने काव्य संग्रह 'सतह से उठते हुए' में वे सामाजिक विसंगतियों पर चोट करते हुए लिखते हैं कि–

'सतह से उठते हुए
मैंने जाना कि
इस धरती पर किए जा रहे
श्रम में
जितना हिस्सा मेरा है
इस धरती के
हवा, पानी और
इससे उत्पन्न होने वाले
अन्न और धन में भी
X X X
मेरी झोली में होती है
भूख, बेबसी और लाचारी
इसलिए अब
मेरे हाथ की कुदाल
धरती पर नींव खोदने से पहले
कब्र खोदेगी
उस व्यवस्था की
जिसके संविधान में लिखा है
तेरा अधिकार सिर्फ कर्म में है
श्रम में है
फल पर तेरा अधिकार नहीं।'[10]

इस कविता में कवि समाज की व्यवस्था को बदलने की बात कहता है। ऐसी व्यवस्था जिसे सवर्ण वर्ग ने बनायी है।

इस प्रकार समकालीन हिन्दी कविता में दलित विमर्श के संदर्भ में ये कविताएं अपने तीखे तेज, आक्रोशपूर्ण और विद्रोह पूर्ण तेवर के रूप में हमारे सामने उपस्थित है। समकालीन हिन्दी कविता में कवि शोषित व पीडित दलितों के मानवीय संघर्ष को अपनी कविता के माध्यम से व्यक्त करते हुए उनके प्रति होने वाले शोषण के विरुद्ध आवाज उठाते हैं साथ ही वह इस वर्ग को स्वयं अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए जागृत करते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. विश्वम्भरनाथ उपाध्याय, 'समकालीन कविता की भूमिका', पृ. सं. 3
2. सुखदेव सिंह, 'धूमिल की कविताएँ', भूमिका से
3. ओम प्रकाश वाल्मीकि, 'बस्स!बहुत हो चुका', ,पृ. सं. 79
4. वही, पृ. सं. 80
5. मलखान सिंह, 'सुनो ब्राह्मण', पृ. सं. 37
6. जयप्रकाश कर्दम, 'गूंगा नहीं था मैं', पृ. सं. 35
7. वही, पृ. सं. 14
8. रमणिका गुप्ता, 'अब मूर्ख नहीं बनेंगे हम',पृ. सं. 36
9. वही, पृ. सं. 41
10. एन.सिंह, 'सतह से उठते हुए',पृ. सं. 11

****